MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

We will be taking up the Calling Attention on air pollution in the country. I would request all the Members to be present in the House. You have seen the adverse publicity that you people were getting on account of absence.

The House stands adjourned till 2.00 p.m.

*The House then adjourned for lunch at one of the clock.*

---

*The House reassembled after lunch at two of the clock,*

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Situation arising out of dangerous levels of air pollution in the country, particularly in Delhi

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Calling Attention on situation arising out of the dangerous levels of air pollution in the country, particularly in Delhi. Shri R.K. Sinha. Not present. Shri Vijay Goel. Not present. Shri K.J. Alphons. Not present. Kumari Selja.

KUMARI SELJA (Haryana): Mr. Deputy Chairman, Sir, I call the attention of the hon. Minister of Environment, Forest and Climate Change to the situation arising out of the dangerous levels of air pollution in the country, particularly in Delhi.

THE MINISTER OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRAKASH JAVADEKAR): Mr. Deputy Chairman, Sir, air quality regulation and actions for abatement of air pollution are undertaken under various provisions of the Air (Prevention and Control of Pollution) Act,1981 and the Environment (Protection) Act,1986 which prescribe the mechanism and authorities for handling the issue. There is a peculiar situation in Delhi and NCR.

In order to abate and control air pollution in Delhi and NCR, the Ministry of Environment, Forest and Climate Change has undertaken several initiatives, besides strengthening the ongoing national-level as well as city-specific activities on abatement of air pollution.

[Shri Prakash Javadekar]

A High Level Task Force was constituted under the Chairmanship of the Principal Secretary to the Prime Minister for management of air pollution in Delhi and NCR in November, 2017. The High Level Task Force closely monitors implementation of measures related to management of air pollution in Delhi and NCR. Further, regular review meetings have been held with all concerned Central Government Ministries and State Governments under my Chairmanship. I have conducted meetings and Dr. Harsh Vardhanji conducted earlier meetings as well as Secretary, EF&CC to ensure that various measures for prevention, control and abatement of air pollution in Delhi NCR are taken in a coordinated and effective manner.

A Comprehensive Air Plan for Delhi NCR has been developed identifying timelines and implementing agencies for actions delineated. The Central Government has notified a Graded Response Action Plan for Delhi and NCR for different levels of pollution. The nature, scope and rigor of measures to be taken is linked to levels of pollution, namely, severe+ or emergency, severe, very poor, moderate to poor and moderate, after due consideration by authorities concerned. The actions are to be implemented in the entire NCR throughout the year.

For management of air pollution in Delhi and NCR, source-based approach has been adopted by the government to control air pollution which gets aggravated during winter months. Major sources contributing to air pollution are industrial emissions, vehicular emissions, road and soil dust, construction and demolition activities, biomass and garbage burning, etc. As per Continuous Ambient Air Quality Monitoring Stations data, there is general improvement in the air quality of Delhi in the last three years. The number of 'Good', 'Satisfactory', and 'Moderate' days, which were 106 in 2016, have improved to 152 in 2017 and 159 in 2018. I am happy to tell that out of 324 days of this year, 175 days are in this category. And, the number of 'bad' air days has reduced to 206, as compared to 213 in 2017, and 246 in 2016; and, this year, to 190 days, out of 324 days. So, this is very important.

The Ministry of Environment, Forest and Climate Change has launched the National Clean Air Programme (NCAP), in January 2019 to tackle the problem of air pollution in a comprehensive manner, with targets to achieve 20 to 30 per cent reduction in $PM_{10}$ and $PM_{2.5}$ concentrations by 2024, keeping 2017 as base year. The plan includes

102 non-attainment cities, across 23 States and Union Territories, on the basis of their ambient air quality data between 2011 and 2015.. Non-attainment cities are those which have been consistently showing poorer air quality ($PM_{10}$> 60 µg/m3) than, the National Ambient Air Quality Standards.

Various Committees have been constituted at Centre *viz.,* Steering Committee headed by Secretary, MoEF&CC, a Monitoring Committee headed by Joint Secretary (CP, MoEFcS.CC) and Implementation Committee under Member Secretary (CPCB). The States have been further directed to constitute these Committees at State level.

To help the States/UTs implement the action plans, this Ministry is collaborating under the National Clean Air Programme with State Pollution Control Boards and leading academic institutions in the States for which MoUs have been signed. The Ministry has designated IIT Kanpur as the nodal academic institution to coordinate with all other IITs and other leading Universities.

The Ministry has allocated ₹ 10 crores for 28 cities, that is, ₹ 280 crores, with million plus population for public awareness, capacity building activities, source apportionment study, mechanical street sweepers, water sprinklers, Mobile Enforcement Units this is important because acknowledging the problem is the beginning of solution of the problem —tree plantation, greening activities and many other activities, like, construction and demolition waste management facility with the State and city funds also. For the remaining non-attainment cities, funding of ₹ 10 lakh per city, for cities with population less than 5 lakh and ₹ 20 lakh per city with a population of 5 to 10 lakh have also been given. So, that is ₹ 172 crores.

A number of initiatives have been taken. The first thing is the vehicular pollution. We are now migrating to BS-VI. This will reduce the vehicular pollution by 80 per cent. The BS-VI migration has already happened for fuel in Delhi. But, vehicles will also be BS-VI compliant from April, 2020. Then, the Eastern and the Western Peripheral Expressways have been operationalized. In Delhi, there used to 60,000 trucks every day, polluting the Delhi city, though they had no work in Delhi. But, now, they do not enter into Delhi because these two bypass expressways are ready and are being used. So, that has reduced the pollution to a great extent. Cleaner alternate fuels, like, gasoline fuels, like, the CNG, the LPG etc., and ethanol blending in petrol have also been introduced. As you know, we have also flown a flight with ethanol. In Delhi, about 500 new CNG stations have been established. Use of RFID tag has also helped. The

[Shri Prakash Javadekar]

network of metro has expanded in Delhi NCR with total length of 377 km. and 274 stations, commuting 5 million passengers every day. That is a huge public transport that is environment-friendly. To promote electric vehicles, we are giving subsidies. We have also sanctioned 300 new buses for Delhi and 100 buses for the DMRC. Permit requirement for electrical vehicles has been done away with. There has been promotion of public transport system and improvement in roads. You are now seeing lakhs of e-rickshaws.

Now, I come to industrial emissions. This is very important. Stringent emission norms for Coal-based Thermal Power Plants have reduced the coal power thermal pollution. The Badarpur Thermal Power Station has been closed. Pet coke and furnace oil have been banned. Out of 4,700 industrial units in Delhi, 2,600 units have shifted to PNG. New units will be allowed to shift to LPG. As regards installation of online continuous monitoring system for polluting industries, we are controlling that every minute. Revision of emission standards of SOx and NOx for boilers have been introduced. About 2,800 brick kilns have been converted to zig-zag technology. It is very important; that has reduced the pollution to a great extent.

Now, I come to crop residue management. This is an important issue of stubble burning. The biomass burning in the city is also an issue. In order to prevent stubble burning, a new Central Sector Scheme on 'Promotion of Agricultural Mechanisation for in-situ Management of Crop Residue in the States of Punjab, Haryana, Uttar Pradesh and NCT of Delhi for the period from 2018-19 to 2019-20 is being implemented by the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare. About ₹ 1,150.80 crores have been sanctioned. More than 50,000 machines have already been given. Under this Scheme, Hydraulically Reversible MP Plough, paddy Straw Chopper, Mulcher, Rotary Slasher, Zero Till Seed Drill and Rotavators are promoted with 50 per cent subsidy to the individual farmers and 80 per cent subsidy to Custom Hiring Centres ot these machines. More than 56,920 machines to the individual farmers and also the Custom Hiring Centres have already been given. During 2019-20, we are going to supply more than 46,578 new machines.

With the efforts of the Government, overall, about 15 to 41 per cent reduction in burning events were observed in 2018 as compared to that in 2017 and 2016 respectively. During 2019-20 season, the total burning events recorded in the three States are 19.2 per cent less than in 2018 till 18th November. Uttar Pradesh has recorded 36.8 per cent

reduction, Haryana recorded 25.1 per cent reduction and Punjab recorded 16.8 per cent reduction respectively in the current season than in 2018. This is not switch on or switch off job. So, it takes time. But we are progressing.

Now, I come to solid waste. Notifications of six waste management rules covering solid waste, plastic waste, e-waste, bio-medical waste, construction and demolition waste and hazardous waste have been issued and now Extended Producer Responsibility is also being implemented. Ban on burning of biomass and garbage has been imposed. Three Waste-to-Energy (W-t-E) plants are currently operational in Delhi with a total capacity of 5100 Tonnes Per Day (TPD) producing 52 megawatts of electricity per day. It is an important development. A 200 TPD Waste Compost Plant is also operational in Delhi. Bioremediation and biomining of landfill sites in Ghazipur and others is also progressing now. The number of mechanised road sweeping machines has been increased significantly and presently 60 machines are deployed for cleaning of roads in Delhi. As regards the SOPs, notification regarding dust mitigation measures for construction and demolition activities, and construction and demolition waste, first time, we made the rules for construction and demolition waste. I am happy to report that three C&D waste processing plants with 2,650 tonnes per day capacity are operational in Delhi. About two lakh tonnes of end products, that is, tiles, dividers and paver blocks, have been produced in these factories.

Now, I come to monitoring. Regarding notification of National Ambient Air Quality Standards, as I said, recognition of the problem is the start of solution of the problem. Therefore, in 2015, the Prime Minister launched Air Quality Index. Now, we are monitoring 793 locations in 344 cities. Therefore, we know what the pollution level in each city every minute is. Then, implementation of Air Quality Early Warning System in Delhi in October, 2018, in association with the Ministry of Earth Sciences (MoES) is already in place. Then, there are technical interventions. Pilot projects were deployed in Delhi for evaluation of air pollution mitigation technologies. Ambient air purification through Wind Augmentation and Purification Units (WAYUs) for pollution abatement at traffic intersections like at ITO and other intersections was done. Pariyayantra filtration units on 30 buses were also evaluated. It is a mix result, but everything needs to be tried and pilot project needs to be done.

Application of dust suppressant - the effectiveness of the dust suppressant lasted up to 6 hours after which it had to be reapplied. About 30 per cent reduction in dust concentrations was observed up to 6 hours. Advisory has been issued to State Boards to use dust suppressant. It is a chemical.

[Shri Prakash Javadekar]

Sir, the last two points are:

Research projects are being carried out by CPCB in collaboration with premier institutions like IIT, NEERI, etc., under Environment Protection Charge funds.

Lack of certification system of ambient air quality monitoring instruments in India was identified and now that a certification scheme has been established in collaboration with National Physical Laboratory.

Regular engagements with technical bodies and experts have been undertaken for knowledge-sharing.

But as I say, despite everything, still, there is problem because it had started twenty years ago. It became severe every year, and I appeal to everybody to give his cooperation. We need cooperation of everybody and also suggestions from this House. Thank you.

**श्री उपसभापति** : माननीय सदस्यगण अब आपके पास clarifications पूछने का मौका है। चूँकि कुमारी शैलजा जी ने यह प्रस्ताव मूव किया है, आपके पास पाँच मिनट हैं। पहले आप clarifications पूछिए।

KUMARI SELJA Sir, air pollution refers to the release of pollutants into the air that are detrimental to human health and planet as a whole. ...*(Interruptions)*...

**श्री विजय गोयल** (राजस्थान): सर, यह प्रस्ताव तो हमारा है। ...**(व्यवधान)**... प्रस्ताव तो हम लोगों का है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: आप नहीं थे। ...**(व्यवधान)**... आपका नाम पुकारा गया था। ...**(व्यवधान)**... उसके बाद उनका भी प्रस्ताव था। ...**(व्यवधान)**...

KUMARI SELJA: Sir, it is a result of combustion of fossil fuels; and according to WHO reports, air pollution kills about six lakh children under the age of 15 every year. ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति**: कृपया शांति रखें। ...**(व्यवधान)**...

KUMARI SELJA: Sir, in India, air pollution is responsible for 30 per cent premature deaths, cancer and mental diseases, and, Sir, it shortens the average life expectancy of Indians by four years.

सर, माननीय मंत्री जी ने यहाँ अभी एक लम्बा स्टेटमेंट पढ़कर सुनाया और उससे ऐसा लगता है, जैसे इस सरकार की हमेशा यह दिखाने की आदत है कि 'All is well.' यह सरकार हमेशा यह दिखाती है कि सब कुछ ठीक है, सब कुछ ठीक चल रहा है, लेकिन सर सब कुछ ठीक नहीं है, सब कुछ चंगा नहीं है। आप देख रहे हैं कि रोज अखबारों में, टीवी में, सब जगह आ रहा है कि दिल्ली-एनसीआर में कितना air pollution है, in fact, in whole of Northern India. उत्तरी भारत में air pollution बढ़ता जा रही है और इसकी quality हर साल और भी ज्यादा severe होती जा रही है। सर, हमें एक बहुत लम्बा-चौड़ा जवाब मिला है। इसमें बहुत-सी बातें हैं। मैं माननीय मंत्री जी से एक सवाल यह पूछना चाहूँगी, यह मैंने पिछली बार भी एक supplementary question में पूछा था कि जब हरियाणा में air quality इतनी बुरी है, तो वहाँ कोई monitoring station क्यों नहीं है? उस समय मुझे बहुत ही हल्का-फुल्का जवाब मिला था कि अगर नहीं है, तो आपके लिए अच्छा ही है कि हरियाणा में नहीं है, इसका मतलब हरियाणा में pollution नहीं है। मुझे ऐसा ही कुछ जवाब मिला। You may please correct me. आप रिकार्ड दिखवा सकते हैं। लेकिन सर बात यह नहीं है, यह सिर्फ मैं याद दिला रही थी। जबकि बात यह है कि आज हमारे देश में, हमारे पूरे उत्तरी भारत में प्रदूषण बहुत ज्यादा बढ़ता जा रहा है। इसके अनेकों कारण बताए जाते हैं और अनेकों कारणों में चौथे या पांचवें नंबर पर कहा जाता है कि यह जो crop residue burn किया जाता है, stubble burning की जाती है, उसे हम अपनी देसी भाषा में पराली जलाना बोलते हैं। सर, मैं बाकी बातों में नहीं जाऊँगी, क्योंकि समय कम है। सर, मैं हरियाणा से आती हूँ, इसलिए हरियाणा के बारे में दो-तीन बातें जरूर कहना चाहूँगी और माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगी। सर, आजकल यह बात आम हो गई है कि हम इसके लिए अपने किसानों को सबसे ज्यादा दोषी ठहरा देते हैं। पंजाब, हरियाणा के किसानों को हम दोषी ठहरा देते हैं कि यह इनके कारण है। उनको क्रिमिनलाइज़ कर दिया जाता है। इसके लिए उनको इतना ज्यादा दोषी माना गया है कि उनको अपराधी तक बना दिया गया है। उनके लिए यह कहा गया है कि ऐसे किसानों के विरुद्ध केस रजिस्टर किए जाएँ, जो अपनी पराली जलाते हैं।

सर, मेरा यह मानना है कि इस संबंध में एक holistic approach होनी चाहिए। अगर किसान धान उगा रहा है, उसके पास कोई टेक्नोलॉजी आई है, जो कि सरकार ने दी है कि उसको जब एक छोटी विन्डो मिलती है, तो वह धान की खेती करता है, उसके बाद उसमें उसको गेहूँ की बुआई करनी है। उसके पास जो वैरायटी अवेलेबल है, जो टेक्नोलॉजी उसके पास कहीं न कहीं सरकार से आई है, उसके माध्यम से वह उस छोटी-सी विन्डो में उस शॉर्ट ड्यूरेशन क्रॉप को पैसे कमाने के लिए उगाता है, लेकिन उसको उसे इसलिए जलाना पड़ता है, क्योंकि उसके पास उसके साथ की सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी अवेलेबल नहीं है। आज के दिन उसको अपने सामने पराली जलाने के अलावा कोई और रास्ता नज़र नहीं आ रहा है। माननीय मंत्री जी और पूरा हाउस यह मानेगा कि हमारे देश में ज्यादातर किसान कर्जवान हो चुके हैं। Most of the farmers are debt-ridden. वह कहाँ जाएगा? उसको अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए इस तरह के क्रॉप्स उगाने होंगे। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं बस दो मिनट लूंगी, उसके बाद मैं अपनी बात खत्म कर दूँगी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is a time-limit. You know that. ...*(Interruptions)*...

**कुमारी शैलजा**: सर, मैं हरियाणा के किसानों की ओर से यह कहना चाहूँगी कि आप केवल किसान को दोषी मत ठहराइए, बल्कि उसको टेक्नोलॉजी दीजिए, उसको आप इस तरह से सक्षम कीजिए कि वह पराली न जला सके। उसको पराली न जलाने के लिए आप 2,500 रुपये, 3,000 रुपये का इंसेटिव दीजिए।

**श्री उपसभापति**: आपका बोलने का टाइम खत्म हो गया है।

**कुमारी शैलजा**: सर, दो लाइंस बाकी हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is a time-limit. You know that. ...*(Interruptions)*...

**कुमारी शैलजा**: सर, एक-एक लाइन में। आप इसको "मनरेगा" के साथ जोड़िए, ताकि जो stubble रह जाता है, उसको हम "मनरेगा" के तहत काट सकें। दूसरी बात, हरियाणा में आज के दिन आप सारी इंडस्ट्रीज पर यह कहकर ताला लगाने जा रहे हैं कि वे पॉल्यूशन पैदा कर रहे हैं। मैं पूछना चाहती हूँ कि आप सारा साल क्या करते हैं? एनजीटी क्या करता है, क्यों नहीं उसकी ओर ध्यान देते? आज के दिन एक तो वैसे ही आपकी जीएसटी और नोटबंदी की इतनी मार है, उस पर से आप तालाबंदी भी करा रहे हैं, जिससे सारी इंडस्ट्रीज़ परेशान हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Kumari Seljaji, please conclude. I am calling the next speaker now, Shri Vijay Goel. ...*(Interruptions)*...

**कुमारी शैलजा**: धन्यवाद, सर।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा** (उत्तर प्रदेश): सर, क्रम से चलिए। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He was the mover of the motion. The next speaker would be called after him. ...*(Interruptions)*...

**श्री विजय गोयल**: आप बाद में आए थे, मैं पहले से था। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: आप बोलें। आप चेयर को एड्रेस करें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल** (राजस्थान): सर, आज प्रदूषण पर चर्चा इसलिए हो रही है कि जिस राजधानी दिल्ली में हम रहते हैं, खाते हैं, पीते हैं, वह इतनी प्रदूषित हो गई है कि उसका आज का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 370 है, जो कि हानिकारक है। पीएम 2.5 -330 है और पीएम 10 - 359 है। मंत्री जी ने यहाँ वे बातें रखी, जो केन्द्र सरकार ने किया होगा, किन्तु दिल्ली सरकार जिस तरीके से हाथ पर हाथ धरे बैठी है, मैं उसकी जानकारी आपको देना चाहता हूँ। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: देखिए, यह मुद्दा पूरे देश से संबंधित है, हम सब से संबंधित है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली): सर, मंत्री जी ने खुद बताया कि क्या सुधार हुआ है। ...**(व्यवधान)**... ये अपने मंत्री जी से ही सुन लें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: संजय जी, please take your seat. ...*(Interruptions)*...

**श्री विजय गोयल**: सुनिए, ...**(व्यवधान)**... सर, यह गलत बात है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: माननीय विजय जी, ...**(व्यवधान)**... आप सबसे आगे हैं, यह सबका मुद्दा है। ...**(व्यवधान)**... यह सबका मुद्दा है। ...**(व्यवधान)**... यह पूरे देश का मुद्दा है। ...**(व्यवधान)**... इस पर राजनीति से ऊपर उठकर बहस कीजिए। ...**(व्यवधान)**... आप क्यों खड़े हो गए? ...**(व्यवधान)**... कोई अन्य बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**... कोई और बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल**: सर, अभी तो मैंने बोलना शुरू भी नहीं किया है। ...**(व्यवधान)**... ये प्रदूषित क्यों हो रहे हैं? ...**(व्यवधान)**... सर, Global Liveability Index की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली 112वें स्थान से 118वें स्थान पर पहुँच गई है। गंगा राम हॉस्पिटल की रिसर्च कहती है कि Lungs cancer patients की संख्या में 10 गुना बढ़ोतरी हो गई है। प्रजा फाउंडेशन की रिपोर्ट कहती है कि अच्छी हवा के सिर्फ चार दिन थे। वर्ष 2017 में 10,000 से ज्यादा लोग श्वास की बीमारी से मरे हैं। ...**(व्यवधान)**... आप घबरा क्यों गए? ...**(व्यवधान)**... मुझसे क्यों घबरा गए? ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: आपका मौका आएगा, तब आप बोलिएगा। ...**(व्यवधान)**... यह राजनीति का मुद्दा नहीं, यह हम सबका मुद्दा है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल** : आज साँस लेना 25 सिगरेट पीने के बराबर हो गया है। जो नया बच्चा पैदा होता है, उसको आप कितनी ज़हरीली सांस दे रहे हैं। इसका आपको अंदाज़ा नहीं है। उपसभापति जी, दिल्ली की जो 5 साल की देन है, मैं वह बताना चाहता हूं। दिल्ली में मास्क दिए गए हैं। 50 लाख मास्क बांटकर भ्रष्टाचार कर दिया गया। एक आदमी भी मास्क लगाए हुए नहीं मिलेगा, किंतु दिल्ली को मास्क में डाल दिया गया है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री संजय सिंह**: सर, ये ऐसे नहीं बोल सकते। * ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल**: महोदय, हर आदमी को प्रदूषण...**(व्यवधान)**... जल प्रदूषण इतना ज्यादा है कि आज बोतल का पानी पीना पड़ रहा है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Record will be examined. ...*(Interruptions)*... माननीय विजय जी, यह देश का मुद्दा है। यह किसी सरकार का मुद्दा नहीं है। ...**(व्यवधान)**... आपका समय पूरा हो गया है।

---

*Expunged as ordered by the Chair.

**श्री विजय गोयल**: सर, यह एयर प्यूरिफायर है।

**श्री उपसभापति**: माननीय विजय जी, आपका समय पूरा हो गया है।

**श्री विजय गोयल**: सर, यह विज्ञापन देखिए अखबार में, करोड़ों रुपये के विज्ञापन किए गए हैं।

**श्री उपसभापति**: आप ये चीज़ें नहीं दिखा सकते।

**श्री विजय गोयल**: सर, आपको ये ऑक्सीजन पीनी पड़ेगी।

**श्री उपसभापति**: माननीय विजय गोयल जी, आप ये चीज़ें नहीं दिखा सकते। ...**(व्यवधान)**... आप अपनी बात समाप्त कीजिए। ...**(व्यवधान)**... आप अपनी बात खत्म कीजिए। कोई अन्य बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

**श्री विजय गोयल**: महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में लोग पराली जला रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: कोई अन्य बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। ...**(व्यवधान)**... माननीय सदस्य आप सब बैठ जाइए। यह एक गंभीर मुद्दा है। यह पूरे देश का मुद्दा है, हम सबका मुद्दा है। ...**(व्यवधान)**... विजय गोयल जी, आपका बोलने का समय खत्म हो गया है।

**श्री विजय गोयल**: महोदय, दिल्ली सरकार ने अब तक प्रदूषण को कम करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है।

**श्री उपसभापति**: मैं अब दूसरे स्पीकर को परमिशन देता हूं। आपका समय खत्म हुआ। ...**(व्यवधान)**... आपका समय खत्म हुआ।

**श्री विजय गोयल**: उपसभापति जी, कंस्ट्रक्शन डस्ट पर काम करना था, इन्होंने एक काम नहीं किया, ...**(व्यवधान)**... इन्हें रोड डस्ट के लिए छिड़काव करना था, वह भी नहीं किया, ...**(व्यवधान)**...इन्हें इंडस्ट्रियल पॉल्युशन पर काम करना था, इन्होंने नहीं किया। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: प्रो. मनोज कुमार झा। अब आपका समय पूरा हुआ। प्रो. मनोज कुमार झा की बात रिकॉर्ड पर जाएगी।...**(व्यवधान)**... आपका समय पूरा हो गया, अब आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**... विजय गोयल जी, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। मनोज झा जी, आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... विजय जी, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

**श्री विजय गोयल**: *

---

*Not recorded.

**श्री उपसभापति**: आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।...**(व्यवधान)**... विजय गोयल जी, कृपया आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... अब आपका समय पूरा हो चुका है, अब आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

**प्रो. मनोज कुमार झा** (बिहार): उपसभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं और सदन का भी धन्यवाद करना चाहता हूं कि आज इतने महत्वपूर्ण विषय पर हम तमाम लोग एक साथ बैठकर चर्चा कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not going on record. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... आप बोलिए।

**प्रो. मनोज कुमार झा**: उपसभापति महोदय, सदन की मर्यादा तार-तार हो रही है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have not taken permission to show it. ...*(Interruptions)*... विजय गोयल जी, आप इस तरह डिस्प्ले नहीं कर सकते। ...**(व्यवधान)**... विजय गोयल जी, आप इस तरह डिस्प्ले नहीं कर सकते। ...**(व्यवधान)**... Vijay Goelji, this is not becoming of a Meember. ...*(Interruptions)*... यह गलत चीज़ है। आप बिना चेयर की परमिशन के ये चीज़ें कैसे डिस्प्ले कर सकते हैं? यह सही नहीं है। ...**(व्यवधान)**... प्रो. मनोज कुमार झा, आप बोलें।

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी. मुरलीधरन)**: उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन से यह अपील करना चाहूंगा कि ऐसे गंभीर विषय पर ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vijay Goel, please do not do this. आप हाउस में बाहर की चीज़ें मत दिखाइए। ...**(व्यवधान)**... No, this is not correct. ऐसे चीज़ों को डिस्प्ले करना correct नहीं है।...**(व्यवधान)**... यह नेशनल इश्यू है। ...**(व्यवधान)**... हम सब का इश्यू है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री वी. मुरलीधरन**: सर, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन से बड़ी विनम्रता के साथ अपील करना चाहूंगा। ...**(व्यवधान)**... ऐसे गंभीर विषय के बारे में शांति से चर्चा करें। ...**(व्यवधान)**... आप मेरी बात सुनिए ...**(व्यवधान)**... आप अपना गुस्सा मेरे ऊपर क्यों दिखा रहे हैं? ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: प्लीज़ ...**(व्यवधान)**... No, कोई प्वांइट ऑफ ऑर्डर नहीं। ...**(व्यवधान)**... शुक्ल जी, आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... हरिप्रसाद जी, आप भी बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... शुक्ल जी, आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं।

**श्री वी. मुरलीधरन**: सर, सरकार चाहती है कि इस विषय पर गंभीरता से चर्चा हो। ...**(व्यवधान)**... सभी सदस्य इस चर्चा में भाग लें। ...**(व्यवधान)**... लेकिन आप लोग सभी की बात सुनने के लिए धैर्य रखिए। ...**(व्यवधान)**... जब आपको समय मिलेगा, तब आप अपना जवाब दे दीजिएगा। अगर किसी की बात पर आपत्ति है, तो प्वांइट ऑफ ऑर्डर उठाइए।

**श्री उपसभापति**: प्रो. मनोज कुमार झा जी। ...**(व्यवधान)**... प्लीज़, मैडम प्लीज़ ...**(व्यवधान)**... कृपया सीट से बैठकर न बोलें।...**(व्यवधान)**... कृपया सीट पर बैठकर running commentary न करें। ...**(व्यवधान)**...

**सुश्री दोला सेन** (पश्चिमी बंगाल): मंत्री जी, जब चेयर ने मना किया है, तो ...**(व्यवधान)**...

**प्रो. मनोज कुमार झा**: माननीय उपसभापति महोदय, मैं अपने तमाम साथियों को 250वें सत्र का पुनः साधुवाद देता हूं। उस दिन गरिमा की चर्चा हुई थी, यदि वह गरिमा प्रतिदिन तार-तार होगी, तो चाहे 250वां सत्र हो या 350 वां सत्र हो, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल**: फिर आपने उस दिन हमें क्यों नहीं बोलने दिया था। ...**(व्यवधान)** ...

**प्रो. मनोज कुमार झा**: विजय जी, मैं नहीं था। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मनोज जी, आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। माननीय एल.ओ.पी. आपसे आग्रह है ...**(व्यवधान)**... एक मिनट मनोज झा जी।

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY (West Bengal): Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Point of order under which rule?

SHRI SUKHENDU SEKHAR (West Bengal): Sir, I have a point of order under Rule 235(ii). It states, "Whilst the Council is sitting, a Member - (ii) shall not interrupt any Member while speaking by disorderly expression or noises or in any other disorderly manner." Sir, I am inviting your attention to this rule. ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति**: प्लीज़ आप सीट पर बैठकर न बोलें। Sukhendu Sekhar Rayji, I hope all of us will follow this. Now, Prof. Manoj Kumar Jha.

**प्रो. मनोज कुमार झा**: शुक्रिया, उपसभापति महोदय। मेरा वक्त पुन: शुरू करवाया जाए। ...**(व्यवधान)**... आप कहें, तो मैं बैठ जाता हूं।

**श्री उपसभापति**: आप उधर देखकर बात न करें। You are supposed to address the Chair. मेरा माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि प्लीज बैठकर comment न करें।

**प्रो. मनोज कुमार झा**: उपसभापति महोदय, जब आज प्रात: काल देखा गया है कि Calling Attention में यह विषय है, इसी शहर में मैं भी रहता हूं, मुझे लगा कि संसद इस पर चर्चा कर रही है और गंभीर चर्चा कर रही है। सर, हममें से अधिकांश लोगों ने मीर तक़ी मीर की वह ग़ज़ल सुनी होगी, जिसे मेंहदी हसन साहब ने गाया।

"देख तो दिल कि जाँ से उठता है,
ये धुआँ सा कहाँ से उठता है।"

अगर आज की प्रणालियां होतीं, तो सबसे पहले पराली जलाने वाले पकड़ लिए जाते कि धुआं वहीं से उठ रहा है। आते वक्त मैंने बाजवा साहब से पूछा कि बाजवा साहब इसमें पराली का कितना योगदान है? उन्होंने कहा कि भाई हम तो 60 साल से जला रहे हैं। हम यह अचानक कहां से गुनहगार हो गए? सर, असल में दिक्कत क्या है? माननीय मंत्री जी मैंने air pollutions को लेकर तमाम चीजें देखीं, हमें आपकी मंशा पर कोई शक नहीं है, आपकी व्यवस्थाओं पर भी कोई शक नहीं है, लेकिन इसके बावजूद अगर कुछ नहीं हो पा रहा है, तो इसका मतलब है कि ...**(व्यवधान)**... कहीं कोई चूक हो रही है।

**श्री उपसभापतिः** कृपया पीछे से अपनी सीट पर बैठकर न बोलें।

**प्रो. मनोज कुमार झाः** सर, मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि प्रदूषण जैसे मुद्दे पर हमारे स्वर इतने बदल जाएंगे कि हमारी गंभीरता हवा में काफ़ूर हो रही है, यह मैं पहली चीज़ कहना चाहता हूं। दूसरी चीज़, जब हम प्राथमिकताओं में pollutants का जिक्र करते हैं, हम सभी लोग बेईमानी करते हैं। सर, estrangement of labour and nature alienation को जन्म देता है। हम real estate पर कभी शक की निगाह क्यों नहीं डालते हैं? क्योंकि real estate हमारी पॉलिटिकल लाइफ का backbone है और हम डर जाते हैं। सर, industrial pollution और toxins भी इसके कारण हैं। अचानक अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर का महीना आता है, पूरा पंजाब, हरियाणा का किसान गुनहगार साबित होता है। वह अपने खेत में खड़ा हमारे pollution के लिए जिम्मेवार ठहराया जाता है, जबकि अभी तक कोई ऐसा अध्ययन नहीं आया है, जो साबित करे कि हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान गुनहगार हैं। मैं यह समझता हूं कि इसे थोड़ा आगे ले जाने की जरूरत है। मैं एक और चीज़ माननीय मंत्री महोदय से कहना चाहता था कि 2050 तक capitalism politically-sustainable रहे या न रहे, ecologically sustainable नहीं रहेगा। Ecologically unsustainability of capitalism should give us some idea where we wish to move our priorities, our macro economic interventions. ...**(समय की घंटी)**... सर, मुझे आखिरी टिप्पणी करने दीजिए, क्योंकि सर, आज तो मजा आ गया कि... सर, विरोध होता है, दुख नहीं होता है, लेकिन विरोध का स्वर शत्रुता में तब्दील हो जाए, तब दुख होता है, आपके लिए भी होता है और अपने लिए भी होता है, इसलिए हिसाब बराबर।

सर, मैं एक आखिरी टिप्पणी करना चाहता हूं। अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर के महीने के बाद, एक बार माननीय मंत्री महोदय ने जितने आंकड़े दिए हैं, क्योंकि अगर राशि आवंटन से फाइलें गुलाबी हो जाएं, तो यह मंजूर है, लेकिन जिंदगी गुलाबी नहीं होती है। दिल्ली से embassies को शिफ्ट करने की बात हो रही है, MNCs के भी शिफ्ट करने की बातें हो रही हैं। यह हमारे लिए अर्थव्यवस्था का भी संकट उत्पन्न करेगा। गांधी जी की 50वीं जयंती वर्ष में

[प्रो. मनोज कुमार झा]

आवश्यकता है कि Let us revisit the idea of global capitalism. It is not good as it appears in the newspapers. Thank you. मेरी बात से किसी को कष्ट हुआ हो, तो मैं माफी चाहता हूं।

**श्रीमती कहकशां परवीन** (बिहार): उपसभापति महोदय, बहुत-बहुत शुक्रिया। यह एक बहुत ही गंभीर विषय है और इस पर हम सभी को सोचना होगा, चूंकि पर्यावरण में असंतुलन के कारण ही आज बहुत सारी परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं। जलवायु परिवर्तन पर भी हम सभी को गंभीरता से सोचना चाहिए नहीं तो इसका बहुत बड़ा खामियाजा हम सभी को भुगतना पड़ेगा। महात्मा गांधी जी ने कहा है कि संसाधन हमारी जरूरतें पूरी कर सकती हैं, हमारे लालच को नहीं। लेकिन आज हम अपने लालच के कारण खमियाज़ा भुगत रहे हैं, इस पर भी हमें बहुत सोचने की जरूरत है।

महोदय, मैं बताना चाहती हूं कि बिहार सरकार ने हर साल 'बिहार पृथ्वी दिवस' मनाने का फैसला वर्ष 2011 में लिया था। जिस प्रकार से 'अगस्त क्रांति' में 'करो या मरो' का नारा था, उसी तरह से पृथ्वी दिवस में, पर्यावरण की सुरक्षा हेतु बिहार सरकार ने संकल्प लिया है। पूरी इंसानी जिंदगी पृथ्वी और पर्यावरण पर ही मुनस्सर है। इसलिए स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण के बिना स्वस्थ मानव समाज की कल्पना अधूरी है।

महोदय, बिहार सरकार ने 'जल जीवन हरियाली' नामक एक अभियान की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य पृथ्वी के संरक्षण में, जन सहभागिता एवं जनजागरण से जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं से निजात दिलाना है। बिहार सरकार ने "जल जीवन हरियाली' अभियान के तहत तीन वर्षों में 24 हजार करोड़ रुपए की राशि से 11 सूत्री कार्यक्रम को मिशनमोड में करने का फैसला लिया है। इस अभियान के तहत इस साल एक करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं और आठ करोड़ पौधे इन तीन सालों में हम लगाएंगे।

महोदय, पहले बिहार और झारखंड राज्य एक थे। उसके बाद जब बिहार और झारखंड अलग हुए, तो वर्ष 2005 में जो ग्रीन कवर एरिया था, वह बिहार में 9 प्रतिशत था। आज 'जल जीवन हरियाली' मिशन, जो वर्ष 2012 से चल रहा है और जिसमें 19 करोड़ पौधे लगाए गए हैं, उसके कारण हमारे ग्रीन कवर एरिया का प्रतिशत बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है और उसे हम 17 प्रतिशत तक पहुँचेंगे।

महोदय, जनता दल युनाइटेड एक ऐसी पार्टी है, जिसने पर्यावरण को देखते हुए पेड़ लगाने के अभियान को सदस्यता अभियान से जोड़ा, उसमें भी यह शर्त रखी है कि जो भी हमारी पार्टी का सदस्य बनेगा, वह कम से कम एक पौधा जरूर लगाएगा। इस प्रकार से हमने पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का काम किया है।

महोदय, मैं केन्द्र सरकार का इसलिए शुक्रिया अदा करना चाहती हूं कि बिहार सरकार ने 'सात निश्चय' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'हर घर जल का नल' और 'हर घर बिजली' का कार्यक्रम चलाया, केन्द्र सरकार ने भी उसे अपनाया है। मैं इस सरकार से मांग करना चाहती हूं कि 'जल जीवन हरियाली' अभियान, जो बिहार सरकार चला रही है, उसे केन्द्र सरकार भी अपनाए। जल और हरियाली के बीच में जीवन है। जब हम जल और हरियाली को सही रखेंगे, तभी हमारा जीवन सही रहेगा। अत: मैं चाहती हूं कि जिस 'जल जीवन हरियाली' के अभियान को बिहार सरकार अपना रही है, उसे आप भी अपनाएं। जब जल, जीवन और हरियाली रहेगी, तभी हमारे जीवन में खुशहाली रहेगी, बहुत-बहुत शुक्रिया।

†**محترمہ کہکشاں پروین :** اپ سبھی پتی مہودے، بہت بہت شکریہ۔ یہ ایک بہت ہی گمبھیر وشئے اور اس پر ہم سبھی کو سوچنا ہوگا، چونکہ پریاورن میں اسنتلن کی وجہ سے آج بہت ساری پریشانیاں اتپن ہو رہی ہیں۔ جل وایو پریورتن پر بھی ہم سبھی کو گمبھیرتا سے سوچنا چاہئے، نہیں تو اس کا بہت بڑا خمیازہ ہم سبھی کو بھگتنا پڑے گا۔ مہاتما گاندھی جی نے کہا ہے کہ سنسادھن ہماری ضرورتیں پوری کر سکتے ہیں، ہمارے لالچ کو نہیں۔ لیکن آج ہم اپنے لالچ کی وجہ سے خمیازہ بھگت رہے ہیں، اس پر بھی ہمیں بہت سوچنے کی ضرورت ہے۔

مہودے، میں بتانا چاہتی ہوں کہ بہار سرکار نے ہر سال 'بہار پرتھوی دوس' منانے کا فیصلہ سال 2011 میں لیا تھا۔ جس طرح سے 'اگست کرانتی' میں کرو یا مرو کا نعرہ تھا، اسی طرح سے پرتھوی دوس میں، پریاورن کی سرکشا ہیتو بہار سرکار نے سنکلپ لیا ہے۔ پوری انسانی زندگی پرتھوی اور پریاورن پر ہی منحصر ہے۔ اس لئے سوستھ اور سرکشت پریاورن کے بنا سوستھ مانو سماج کی کلپنا ادھوری ہے۔

مہودے، بہار سرکار نے 'جل جیون ہریالی' نامی ایک ابھیان کی شروعات کی ہے۔ اس کا مقصد پرتھوی کے سنرکشن میں، جل سہہ-بھاگتا اور جن جاگرن سے جل وایو پریورتن سے اتپن سمسیاؤں سے نجات دلانا ہے۔ بہار سرکار نے 'جل جیون ہریالی' ابھیان کے تحت تین سالوں میں چوبیس ہزار کروڑ روپے کی رقم سے ایک گیارہ سوتری

†Transliteration in Urdu script.

[श्रीमती कहकशां परवीन]

کارئے کرم کو مشن موڈ میں کرنے کا فیصد لیا ہے۔ اس ابھیان کے تحت اس سال ایک کروڑ سے زیادہ پودھے لگائے جا چکے ہیں اور آٹھہ کروڑ پودھے ان تین سالوں میں ہم لگائیں گے۔

مہودے، پہلے بہار اور جھاکھنڈ راجیہ ایک تھے۔ اس کے بعد جب بہار اور جھاکھنڈ الگ ہوئے، تو سال 2005 میں جو گرین کور ایریا تھا، وہ بہار میں نو فیصد تھا۔ آج 'جل جیون ہریالی' مشن، جو سال 2012 سے چل رہا ہے اور جس میں انّیس کروڑ پودھے لگائے گئے ہیں، اس کی وجہ سے ہمارے گرین کور کا فیصد بڑھہ کر پندرہ فیصد ہو گیا ہے اور اسے ہم سترہ فیصد تک پہنچانا چاہتے ہیں۔

مہودے، جنتا دل (یونائیٹڈ) ایک ایسی پارٹی ہے، جس نے پریاورن کو دیکھتے ہوئے، جو سدسیتا ابھیان چلایا ہے، اس میں بھی یہ شرط رکھی ہے کہ جو بھی ہماری پارٹی کا سدسیہ بنے گا، وہ کم سے کم ایک پودھا ضرور لگائے گا۔ اس طرح سے ہم نے پریاورن کو پردوشن سے بچانے کا کام کیا ہے۔

مہودے، میں کیندر سرکار کا اس لئے شکریہ ادا کرنا چاہتی ہوں کہ بہار سرکار نے 'سات نشچئے' کارئے کرم کے انترگت 'ہر گھر جل کا نل' اور 'ہر گھر بجلی' کا کارئے کرم چلایا، کیندر سرکار نے بھی اسے اپنایا ہے۔ میں اس سرکار سے مانگ کرنا چاہتی ہوں کہ 'جل جیون ہریالی' ابھیان، جو بہار سرکار چلا رہی ہے، اسے کیندر سرکار بھی اپنائے۔ جل اور ہریالی کے بیچ میں جیون ہے۔ جب ہم جل اور ہریالی کو صحیح رکھیں گے، تبھی ہمارا جیون صحیح رہے گا۔ آخر میں، میں چاہتی ہوں کہ جس 'جل جیون ہریالی' کے ابھیان کو بہار سرکار اپنا رہی ہے، اسے آپ اپنائیں۔ جب جل، جیون اور ہریالی رہے گئی، تبھی ہمارے جیون میں خوشحالی رہے گی، بہت بہت شکریہ۔

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): मान्यवर, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। प्रदूषण जैसे गम्भीर विषय पर इस सदन में चर्चा हो रही है। माननीय केन्द्रीय मंत्री जी ने आज जो रिपोर्ट रखी है

और जो रिपोर्ट माननीय सदस्यों को दी गई है, मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश के सामने सच रखा। सच यह रखा है कि माननीय मंत्री जी ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि दिल्ली में प्रदूषण के दिनों की संख्या में कमी आई है, अच्छे और मॉडरेट दिनों की संख्या में वृद्धि हुई है और माननीय मंत्री जी ने जो रिपोर्ट सदन में रखी है, वही रिपोर्ट ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल**: माननीय उपसभापति महोदय, ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: श्री विजय गोयल जी, कृपया आप बैठिए। आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...**(व्यवधान)**...

मैं माननीय सदन के नेता से प्रार्थना करता हूं कि वे कृपया माननीय विजय गोयल जी को समझाएं और उन्हें इस प्रकार से सदन की कार्यवाही में व्यवधान करने से रोके। ...**(व्यवधान)**... श्री विजय गोयल जी, आप कृपया बैठ जाएं। आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री संजय सिंह**: महोदय, पर्यावरण के संबंध में मंत्री जी की रिपोर्ट से अब यह सिद्ध हो गया है कि दिल्ली में प्रदूषण कम हुआ है। ...**(व्यवधान)**... हमने प्रयास किया कि दिल्ली के अंदर बड़े पैमाने पर ...**(व्यवधान)**... दिल्ली के अंदर चौबीसों घंटे बिजली की सप्लाई देकर ...**(व्यवधान)**...दिल्ली के अंदर ग्रीन कवर 12 परसेंट बढ़ाया गया। ...**(व्यवधान)**... दिल्ली के अंदर हमारे प्रयासों से ऑड-इवन प्रोग्राम सफलतापूर्वक चलाया गया। ...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल**: *

**श्री उपसभापति**: श्री विजय गोयल जी, मैं पहले ही कह चुका हूं कि आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। मेरा आपसे पुन: आग्रह है कि कृपया आप अपना स्थान ग्रहण करें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री संजय सिंह**: महोदय, दिल्ली के अंदर आज दिल्ली की सरकार ने और दिल्ली सरकार के प्रयासों की बदौलत दो थर्मल पॉवर प्लांट बन्द कराए गए। ...**(व्यवधान)**... दिल्ली के अंदर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर रोक लगाकर, दिल्ली में प्रदूषण कम करने का पूरा प्रयास केजरीवाल जी की सरकार द्वारा किया गया। ...**(व्यवधान)**... मैं बड़ी विनम्रतापूर्वक माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं...**(व्यवधान)**...

**श्री विजय गोयल**: *

**श्री उपसभापति**: माननीय विजय गोयल जी, मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं कि आप कृपया अपना स्थान ग्रहण करें। आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री संजय सिंह**: महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने कहा कि 56,000 मशीनें पराली काटने के लिए किसानों को दी गईं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में माननीय मंत्री, जी जो

---

*Not recorded.

[श्री संजय सिंह]

डेटा प्रस्तुत किया गया है, वह डेटा मशीनों के बारे में कुछ अलग कहता है। इसलिए मैं आपसे स्पष्टीकरण चाहता हूं, क्योंकि आप कह रहे हैं कि कुल 20,000 मशीनें पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को दी गईं। आज आप रिपोर्ट में कह रहे हैं कि 56 हजार मशीनें दी गईं, तो मान्यवर, 36 हजार मशीनें कहाँ गईं? ...**(व्यवधान)**... किसानों की पराली काटने की मशीनें कहाँ चली गईं? ...**(व्यवधान)**... मैं यह माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... केजरीवाल जी को गालियाँ देते हैं। ...**(व्यवधान)**... अगर प्रदूषण कम कर सकते हों, तो मैं आमंत्रित करता हूं दिन-रात केजरीवाल जी को गालियाँ दीजिए, मैं आपका अभिनंदन करता हूं। ...**(व्यवधान)**... आपने दूसरे सदन में केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर मजाक उड़ाया, मैं प्रार्थना करता हूं ...**(व्यवधान)**... भाजपा के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहे, ईश्वर इनको लंबी उम्र दे। ...**(व्यवधान)**... आप केजरीवाल जी की बीमारी का मजाक उड़ा रहे हैं।

मान्यवर, ऑड-ईवन के विरोध में माननीय सदस्य निकल जाते हैं। मान्यवर, क्या ये सांसद हैं, जो ऑड-ईवन का विरोध कर रहे हैं? हम दिल्ली में पटाखे नहीं दगाने के लिए बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं, आप पटाखे दगाते हैं, दिल्ली वालों को प्रदूषण में डालने का काम करते हैं। ...**(समय की घंटी)**... मान्यवर, इस मानसिकता पर शर्म आती है।

**श्री उपसभापति**: आप खत्म करें।

**श्री संजय सिंह**: अगर आप इस मानसिकता से प्रदूषण से लड़ेंगे, तो दिल्ली के बच्चों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे, दिल्ली के बुजुर्गों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे।

मान्यवर, एयर क्वालिटी इंडेक्स की बात कही गई।

**श्री उपसभापति**: थैंक यू।

**श्री संजय सिंह**: बस इतना कहकर अपनी बात खत्म करूंगा। एयर क्वालिटी इंडेक्स ...**(व्यवधान)**... मैं बाकी शहरों की बात कर रहा हूं। गाजियाबाद में 353, ग्रेटर नोएडा में 338, कानपुर में 335, पानीपत में 331 ...**(व्यवधान)**... मेरठ में 330, बागपत में 328, हरियाणा. ...**(व्यवधान)**... यमुना नगर में 324, नोएडा में 318, मुरादाबाद में 306, भिवाड़ी में 302 का आंकड़ा है। आज दस शहरों की जो सूची है, उसमें दिल्ली का नाम नहीं है, फिर भी दिल्ली को बदनाम करते हो, फिर भी दिल्ली का गैस चेम्बर, गैस चेम्बर कहकर प्रचार करते हो। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: श्री वीर सिंह।

**श्री संजय सिंह**: यह मानसिकता बदलो, * जिसके कारण यह प्रदूषण है।

**श्री वीर सिंह** (उत्तर प्रदेश): महोदय, इस महत्वपूर्ण विषय पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। महोदय, वायु प्रदूषण केवल हमारे देश की ही

*Expunged as ordered by the Chair.

नहीं, बल्कि पूरे वर्ल्ड की समस्या है, इसलिए हमें इस पर गंभीरता से सोचना होगा। मैं माननीय मंत्री जी से वायु प्रदूषण के बारे में दो-तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं। मैं बताना चाहता हूं कि दीपावली के मौके पर, अक्टूबर-नवंबर के महीने में जब यह बात आती है, तो किसानों को पराली के नाम पर बदनाम किया जाता है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि आपने किसानों के लिए 2500 रुपये दिए हैं, पर क्या इन 2500 रुपयों से पराली की समस्या का समाधान हो जाएगा? मैं माननीय मंत्री जी को, सरकार को सुझाव देता हूं कि केंद्र और प्रदेश सरकारें किसानों की पराली को खरीद लें। जब वे खरीद लेंगी, तो उनको जलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। आपको यह व्यवस्था करनी चाहिए।

मेरा दूसरा सुझाव यह है कि जब वायु प्रदूषण की बात आती है, तब दिल्ली का ही नाम क्यों आता है? इस बार दिल्ली से ज्यादा तो मुरादाबाद शहर वायु प्रदूषण से प्रदूषित रहा है। यह समस्या दिल्ली की नहीं, बल्कि पूरे देश की समस्या है, इसलिए हमें राजनीति से ऊपर उठकर समाज को जागरूक करना चाहिए और सभी को मिलकर वायु प्रदूषण को समाप्त करने के लिए आगे बढ़कर कदम उठाना चाहिए।

तीसरा सुझाव वृक्षारोपण का है। आज वन समाप्त किए जा रहे हैं। वनों में आग लग जाती है, लेकिन उसको बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं है। जितना प्रदूषण आधे देश से होता है, उतना एक वन की आग लग जाने से हो जाता है। महीनों तक यह आग जलती रहती है, हमारी जलवायु प्रदूषित होती रहती है, लेकिन हमारी केंद्र और प्रदेश सरकारें उस ओर ध्यान नहीं दे रही हैं, अतः हमें इस पर ध्यान देना चाहिए।

मेरा चौथा सुझाव है कि जो हाइवे बनाए जा रहे हैं, इनको बनाने के लिए सड़कों के दोनों किनारे जो पेड़ खड़े थे, वे पूरे पेड़ साफ कर दिए गए हैं, सारे वृक्ष समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे जल की कमी हो रही है, इसलिए केंद्र और प्रदेश सरकारों को मिलकर वृक्षारोपण की तरफ ध्यान देना चाहिए। हर वर्ष वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाता है, लाखों-करोड़ों और अरबों रुपये वृक्षारोपण पर खर्च किए जाते हैं, किंतु लगाने के बाद उनके पालन-पोषण पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकार का इस पर काफी पैसा खर्च होता है, इसलिए इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

मेरा पाँचवाँ सुझाव है कि जो बड़ी-बड़ी फैक्टरियाँ शहरों के बीच में आ गई हैं, उनको अन्यत्र लगाया जाए। दिल्ली हमारे देश का हार्ट है, दिल्ली में पचास साल पहले, सौ साल पहले जो फैक्टरियाँ लगाई गई थीं, वे आज आबादी के अंदर आ गई हैं और वे जलवायु को प्रदूषित कर रही हैं। आज जलवायु प्रदूषण के कारण लोगों के लंग्स में कैंसर पैदा हो रहा है। हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए। हमें, न केंद्र को और न दिल्ली को आपस में लड़ना चाहिए। मैं मानता हूं कि दिल्ली का नाम इसलिए आता है, क्योंकि यह देश की राजधानी है, हमें इस तरफ ध्यान देना चाहिए, किंतु प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। हमें पूरे देश की जलवायु को शुद्ध करने के लिए इस ओर ध्यान देना चाहिए। आपने बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Partap Singh Bajwa.

SHRI K.J. ALPHONS (Rajasthan): Sir, I had given notice. ...*(Interruptions)*... I just came to know that my name is not there. ...*(Interruptions)*... I am not of the three persons who gave notice. ...*(Interruptions)*... I know that it is the privilege of the Chair. ...*(Interruptions)*... I had given notice. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. Hon. Members, I would like to clarify this. जो mover होते हैं, उनको पहले अवसर दिया जाता है। मैंने नाम पुकारा, आपके यहाँ से Mover नहीं थे, आप तीन लोग थे। दूसरे नम्बर पर Mover कुमारी शैलजा जी थीं। I called her. नियम है कि आपको आधे घंटे पहले नाम देना चाहिए। आप सब नाम देने बहुत बाद में आते हैं, फिर ऊपर enquire करने आते हैं।

SHRI K. J. ALPHONS: Sir, I gave my name. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, it is not there. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रताप सिंह बाजवा** (पंजाब): डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं आपका बहुत मशकूर हूँ। मैं हाउस से एक विनती करूँगा कि यह एक बहुत important matter है, हमें इसको गम्भीरता से लेना चाहिए। पहली बात तो यह है कि ऑनरेबल मिनिस्टर साहब ने जो यह रिपोर्ट रखी, मैं इस रिपोर्ट से सहमत नहीं हूँ। मैं समझता हूँ कि यह एक सरकारी रिपोर्ट है। अगर आज यह discussion न होता, तो इस पर कोई चर्चा नहीं होनी थी। आपने discussion का मौका दिया। जैसे अफसर करते हैं, अफसरों ने मिनिस्टर साहब को एक रिपोर्ट पकड़ा दी और मिनिस्टर साहब ने यह रिपोर्ट हाउस के सामने रख दी। मेरे पास जो रिपोर्ट है, मैं आपको थोड़ी सी वह भी बता देता हूँ। वह completely आपके विपरीत है। आप कह रहे हैं कि पिछले तीन साल से air pollution better हो रहा है। देखिए, यह international bodies की रिपोर्ट है कि आज दुनिया के जो capitals हैं, उनमें से दिल्ली number one polluted capital of the world है। इससे बड़ी शर्मनाक बात हम हिन्दुस्तानियों के लिए क्या हो सकती है! एक तरफ हम कह रहे हैं कि हम economic power बन कर बाहर निकल रहे हैं। अगर हम अपने capital को, अपने शहरों को साफ नहीं रख सकते, तो हम आगे और क्या करेंगे? इसलिए सर, मैं यह एक छोटी सी रिपोर्ट आपके सामने पढ़ रहा हूँ।

On the 3rd of November, 2019, Delhi experienced a three-year record high level of pollution. According to the System of Air Quality and Weather Forecasting and Research (SAFAR), the overall Air Quality Index (AQI) reached 708. Safe parameters are 0-50 and Delhi was at 708. The AQI in Delhi was 14 times the recommended safety levels (0-50) in Delhi and other parts of India. The rising air pollution crisis is a serious

cause of concern. The Greenpeace Report says that out of 30 most polluted cities, 22 belong only to India.

जैसा संजय सिंह जी और मनोज झा जी ने कहा, 22 शहर तो हमारे हिन्दुस्तान के ही हैं। डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं आपका और हाउस का थोड़ा सा ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूँ कि देखिए, यह pollution का दौर चल रहा है, gas chamber बना हुआ है। जया जी, दो मिनट मेरी बात सुनिए। Gas chamber बना हुआ है, लेकिन हमारे ऑनरेबल हेल्थ मिनिस्टर साहब एक ट्वीट करते हैं। हर्षवर्धन साहब की एक ट्वीट आती है। In the midst of a crisis, Dr. Harsh Vardhan, Union Minister of Health and Family Welfare, tweeted that people should eat carrots for the benefits, including protection from pollution related harm to health. आप मुझे बताएँ कि और तो कुछ करना नहीं, carrot बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि गाजर खाएँ। आप हमें बताएँ कि क्या हम बकरी हैं या आपने हमें क्या समझ रखा है? आप हेल्थ सुधारने की बजाय यह ट्वीट करते हैं। ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Bajwaji, please conclude.

SHRI PARTAP SINGH BAJWA: Second tweet comes from hon. Minister of Environment. एनवायरनमेंट मिनिस्टर साहब कह रहे हैं, दीदी इधर बात सुनिए। Shri Prakash Javadekar, the Union Minister of Environment, tweeted that people should start their day with music. क्योंकि उनको पता है कि lungs जम चुके हैं, गला बैठ चुका है, आँखें जवाब दे रही हैं, इधर पानी आ रहा है, तो आप music सुनिए। वे बताएं कि अगर music ही सुनना है, तो we are already facing the music. गाना गाओ, गीत सुनो, पॉल्यूशन से फाइट करने का गवर्नमेंट का यह तौर तरीका है। ...**(व्यवधान)**...

SHRI PARTAP SINGH BAJWA: Bajwaji, please conclude. ...*(Interruptions)*... I am calling the next speaker. ...*(Interruptions)*... Now, Shrimati Vandana Chavan. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रताप सिंह बाजवा**: एक नेता कह रहे हैं कि गाजरें खाओ, दूसरे कह रहे हैं कि म्यूज़िक सुनो, कोई म्यूज़िक एकेडमी खोल रखी है? हम लोगों ने कोई फिल्म ऐक्टिंग में तो जाना नहीं है और फिर कहते हैं ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Please conclude. ...*(Interruptions)*... Your time is over. ...*(Interruptions)*... It is already four minutes. ...*(Interruptions)*...

SHRI PARTAP SINGH BAJWA: Sir, I may conclude...*(Interruptions)*.... I have to talk about the farmers. ...*(Interruptions)*... Sir, just a minute. किसानों की बात कहे बिना मैं नहीं बैठूंगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You had three minutes; you have taken four minutes. ...*(Interruptions)*... I am not going to allow it. I am not going to give you more time. अब आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। वंदना जी आप बोलिए।

**श्री प्रताप सिंह बाजवा**: *

**श्री उपसभापति**: आपका समय खत्म हो गया है। वंदना जी अब आप बोलिए।

SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Sir, thank you for taking up this extremely important topic in the House. It is unfortunate that in the last few interventions, unnecessarily, we are bringing politics into this discussion which is absolutely not called for.

Sir, if we see some of the figures we are faced with, we would find that air pollution kills a child every three minutes in India. This is the seriousness of this topic. I don't know why we are constantly blaming Delhi. Delhi is definitely the Capital of India and all the attention is on Delhi. But if we see what Bajwaji said just now, India is home to 14 most polluted cities in the world. If we Google this, we find a list of them. Most polluted city is Kanpur; second is Faridabad; third is Varanasi; fourth is Gaya; fifth is Patna; sixth is Delhi followed then by Lucknow, Agra and Gurgaon. Sir, I don't think this is a blame game. This is not something this Government is doing or some party is doing. This is a concern of all of us across party lines and that is how we have to address this issue.

Sir, this is a serious issue. When we call for attention, we are supposed to put in our suggestions or points to the Ministry. The hon. Minister has come out with a statement which states what they are doing. Great, but we cannot be complacent by just patting our own back and saying we are doing a lot. I think we need to do a lot, lot and lot more. Therefore, we have to make sure that some committee comprising some experts and elected representatives is formed which has ongoing meetings and try to see how we can address this.

†**قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد)** : مانیئے وائس چیرمین صاحب، بہت سارے سجیشنس دونوں طرف سے آئے، بلکہ تینوں طرف سے آئے، رائٹ، لیفٹ اور سینٹر سے۔ یہ بہت ہی اہم موضوع ہے۔ یہاں میں نے دیکھا کہ کس طرح سے ایک پارٹی دوسری پارٹی پر، ایک سرکار دوسری سرکار پر آروپ لگاتی تھی، لیکن واستوکتا یہ ہے کہ اس ائیر کو پالیوٹ کرنے میں ہر بھارت واسی کا تھوڑا سا حصہ رہتا ہے۔ چاہے وہ کسی پارٹی کا ہو، کسی دھرم کا ہو، کسی ریجن کا ہو یا کسی جاتی کا ہو، ہم سب اس میں کنٹری بیوٹ کرتے ہیں۔ سگریٹ پینے والے سے لیکر، تمباکو پینے والے سے لیکر، پان کھانے والے سے لیکر، چولہا جلانے والے اور مشینریز، فیکٹریز اور کھیتوں میں جو گھاس جل رہا ہے یا ہماری لاکھوں گاڑیاں، بسیں، ٹریکٹرس اور ٹرالرس جو چلتے ہیں، ہر آدمی اس میں کنٹریبیوٹ کرتاہے۔ اس لیے یہ مناسب نہیں ہے کہ ہم ایک دوسرے پر، ایک دوسرے کی سرکار پر دوش لگائیں۔ یہ ہر آدمی کرتا ہے، ہر سرکار کرتی ہے، اس کے بندے کرتے ہیں۔

†Transliteration in Urdu script.

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

سر، میں ایک ہی سجھاؤ دینا چاہتا ہوں۔ اگر ہم اس طرح سے الگ الگ سوچیں گے تو کئی صدیاں لگیں گی۔ مانیئے ہیلتھ منسٹر یہاں ہیں۔ یہ میرے آج کے آنکڑے نہیں ہیں، اب میرے آنکڑے ساڑے پانچ سال پرانے ہیں، لیکن اس میں تھوڑا ہی فرق آیا ہوگا۔ ہر سال تین کروڑ کے قریب ہماری بہنیں، بہو بیٹیاں گربھوتی ہوتی ہیں۔ وہ تین کروڑ مہیلائیں جو گربھوتی ہیں، ان کا کیا حال ہے اور ان کے پیٹ میں جو بچہ پل رہا ہے، اس کا کیا حال ہے؟ چھ کروڑ تو یہی ہوئے اور ہر سال دو کروڑ ساٹھ لاکھ بچے اور آجاتے ہیں۔ تین کروڑ بچے پیدا تو ہوتے ہیں، لیکن ان میں سے چالیس لاکھ کے قریب ویسٹ ہوجاتے ہیں، ابارشن ہوتے ہیں، دوسری چیزیں ہوتی ہیں، لیکن دو کروڑ ساٹھ لاکھ کے قریب بچے بچتے ہیں۔ تو ایک تو وہ دو کروڑ ساٹھ لاکھ بچے، جنہوں نے جنم لیا اور دوسری جو تین کروڑ بہنیں پریگنینٹ ہیں، ان کے پیٹ کے اندر بھی بچہ ہے، تو سات آٹھ کروڑ تو یہی ہوگئے۔ ہم لوگ تو برداشت کرسکتے ہیں، لیکن وہ جو ابھی دو کروڑ ساٹھ لاکھ بچے پیدا ہوئے، ان کا کیا حال ہوگا؟ ان تین کروڑ گربھوتی مہیلاؤں کا اور ان کے پیٹ کے اندر جو بچہ ہے، چاہے وہ دو مہینے کا ہو، چار مہینے کا ہو یا چھ مہینے کا ہو، ان کا کیا حال ہوگا؟ تو ہم سب انسانی جانوں سے کھیلتے ہیں۔

مانیئے منتری جی، میرا ایک ہی سجھاؤ ہے، میں کوئی لمبا بھاشن نہیں کروگا، کہ ہم سمادھان کی طرف جائیں۔ اس کا سمادھان تب نکل سکتا ہے، جب آپ اس سدن کی طرف سے مانیئے پردھان منتری جی سے نویدن کیجیئے کہ وہ سبھی مکھیہ منتریوں کی ایک میٹنگ بلائیں۔ ایم پیز کی میٹنگ بلانے سے کیا ہوگا، ہم صرف بھاشن کریں گے۔ میں یہ سجھاؤ بھی دے سکتا تھا کہ لیڈروں کی میٹنگ بلانے سے کیا ہوگا، ہم صرف بھاشن کریں گے۔ میں یہ سجھاؤ بھی دی سکتا تھا کہ لیڈروں کی میٹنگ کریں، لیکن لیڈروں کی میٹنگ میں، جیسے ہم یہاں بولتے ہیں، وہاں بھی بولیں گے اور بات ختم ہوجائے گی۔ جو کرنے والی ہے، وہ کیندریہ سرکار ہے۔ اس میں کیندریہ سرکار کے جو بھی مانیئے منتری ہیں، جو انڈسٹریز کے منسٹر ہیں، جو روڈس کے منسٹر ہیں، جن کا اس میں کنٹری

بیوشن ہے یا پریاورن کے منتری ہیں، وہ آدھا ایک درجن منتری رہیں اور پورے دیش کے لیفٹننٹ گورنرس، چیف منسٹرس اور ڈپٹی چیف منسٹرس، جہاں کہیں بھی ہوں، اس میں شامل ہوں۔ اگر اس میں ایک دن کا ڈسکشن ہوگا اور اس میں جو فیصلہ ہوگا، اس میں سب کو بتائیں گے کہ چھ مہینے کے بعد دوبارہ میٹنگ ہوگی کہ کس نے کیا کیا اور اس میں ایک ایجنڈا تیار کریں کہ کیندریہ سرکار یہ کریگی، راجیہ سرکاریں یہ کریں گی، اگر آپ حل نکالنا چاہتے ہیں۔ باقی پیپر میں، اس سدن میں اور اس سدن میں ایک دوسرے پر آروپ لگانے سے ہمارا پردوشن تو ٹھیک ہونے والا نہیں ہے، بلکہ اندر جو پردوشن ہوگا، وہ ہمارے بیچ میں اور بڑھ جائے گا۔ اس لیے اندر اور باہر کا پردوشن صرف ایک ہی چیز سے دور ہوگا۔ ہمارا نویدن ہے کہ آپ ہم لوگوں کی طرف سے مانیئے پردھان منتری جی سے نویدن کریں کہ وہ سبھی سرکاروں کا، راجیہ سرکاروں کا، چاہے کسی کی بھی سرکار ہو، ان کی میٹنگ کریں اور مرکزی سرکار کے منتری جو کنسرنڈ ہیں، وہ اس میں شامل رہیں۔ بہت بہت دھنیواد۔

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, जब-जब वायु प्रदूषण की बात होती है, तो स्वाभाविक रूप से दिल्ली का नाम इसलिए आता है, क्योंकि दिल्ली हमारे देश की राजधानी है। अगर पूरी दुनिया के कैपिटल्स की बात आती है, तो दिल्ली की बात उसमें जरूर होती है। वायु प्रदूषण में अगर किसी का सबसे ज्यादा contribution है, तो वह वाहनों का है, फिर उसके बाद डस्ट का है और उसके बाद इंडस्ट्रीज का है। जब-जब ठंड की शुरुआत होती है, सर्दी आती है, उससे पहले जब प्रदूषण का लेवल बढ़ता है, तो खास तौर से दो चीजों यानी दीपावली और पराली की बात होती हैं। दिवाली के पटाखे और पराली ने प्रदूषण कर दिया, इनकी बात होती है। यह केवल 20 दिन की बात है, लेकिन इन दिनों के बाद जो प्रदूषण होता है, उस पर कोई चर्चा नहीं होती है। उन पर भी चर्चा होनी चाहिए कि 365 दिन में बाकी जो दिन बचे, उन दिनों में कैसे प्रदूषण बढ़ रहा है?

महोदय, जहां तक प्रदूषण की समस्या की बात है, तो इससे सबसे ज्यादा बच्चे और महिलाएं प्रभावित होते हैं। इससे हमारी खान-पान की संस्कृति भी प्रभावित होने लगी है। मेरा होम टाउन, गुलावटी है, वहां पर मैं एक जगह गया। वहां एक शादी की दावत थी। वहां पर खाने में हर बार तंदूर से रोटी निकाल कर लाए, लेकिन हर बार रोटी ठीक न हो, तो मैंने पूछा कि रोटी ठीक क्यों नहीं आ रही है, जब कि यह हमारी खान-पान की संस्कृति का हिस्सा है। तंदूर की

[श्री सुरेन्द्र सिंह नागर]

रोटी हम सब खाते हैं। उसने बोला कि साहब, एनजीटी के आदेश हो गए हैं कि अब कोई तंदूर कोयले से नहीं चलेगा, सब गैस बेस्ड चलेंगे और गैस बेस्ड तंदूर सक्सेसफुल नहीं है। इस प्रकार से हमें इसका नुकसान वहां तक हो रहा है। सर, मैं तीन-चार सजेशन्स देकर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा।

महोदय, पराली को लेकर जो बात होती है, इसका सबका बड़ा कारण यह है कि जो जलवायु परिवर्तन हुआ, उस जलवायु परिवर्तन के कारण जो धान की खेती है, उसकी बुआई को एक महीने पीछे किया गया। यह पंजाब सरकार का आदेश है और यह किसान पर दोहरी मार है। इस प्रकार sowing एक महीने पीछे हुई है। जब यही एक महीने पहले होती थी, तब मौसम में इतनी नमी नहीं होती थी और अगर पराली जलती भी थी, तो वह ऊपर चली जाती थी। पानी की कमी के कारण ऐसा हुआ है। यह जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण है। पराली की समस्या से निपटा जा सकता है। इस संबंध में मैं यह कहना चाहूंगा कि इसके लिए हम किसान को दोषी ठहरा कर और किसान पर एफआइआर करके उसे क्रिमिनल नहीं बनाएं। आज किसानों पर धड़ाधड़ एफआइआर हो रही है। वह नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनको सुविधा देनी चाहिए, नई टेक्नोलॉजी देनी चाहिए। जब combine आई थी, तब गेहूँ में भी ऐसे ही अवशेष बचता था, लेकिन उसके साथ-साथ नई मशीन आई, नई टेक्नोलॉजी आई, जिसकी मदद से गेहूं के अवशेष से भूसा बनता है। माननीय मंत्री जी, आज अगर गेहूँ combine से कटता है, तो उसके अवशेष से भूसा बनाने की मशीन available है और वह साथ के साथ भूसा बनाती है। इस देश में अगर सबसे ज्यादा कमी है, तो वह पशु चारे की कमी है। मैं तो खुद गाय रखता हूँ। मैं अपने गृह नगर गया। मैंने वहां देखा कि हमारी पराली कटी हुई पड़ी थी। मैंने पूछा कि इसका क्या करोगे? वे बोले कि साहब, इसका तो कुछ नहीं होगा। उसी दिन मैंने निर्णय लिया और उसको तीन परसेंट भूसे में मिला कर पशुओं को खिलाना स्टार्ट किया और उसका कोई दुष्प्रभाव पशुओं पर नहीं पड़ा। देश में जो पशु चारे की कमी है, अगर किसानों को 'मनरेगा' से जोड़ कर नई तकनीक की मशीन उन्हें दे दें, तो देश में जो चारे की कमी है, उसको इस पराली से दूर किया जा सकता है। आप इसको हर गांव में लाइए। हर गांव में, हर ग्राम पंचायत में वह मशीन दीजिए। मंत्री जी, आप उसको 'मनरेगा' से जोड़ दीजिए। इसके अलावा जो सीएसआर फंड है, इसके अंतर्गत अगर कोई गांव को यह उपकरण देना चाहता है, उसको इसके लिए छूट होनी चाहिए कि वह अपने सीएसआर फंड से किसानों को यह उपकरण दे सके। ...(**समय की घंटी**)... खास तौर से महिलाओं को धुएं से जो दिक्कत होती थी, उससे महिलाओं की जो मौत होती थी - इस देश के माननीय प्रधान मंत्री जी और हमारे पर्यावरण मंत्री जी ने 'उज्ज्वला योजना' चला कर धुएं से उनको मुक्ति दिलाने का काम किया है, इसके लिए मैं उनको बधाई देना चाहूंगा। हमारे साथी यहाँ बैठे हैं। हालांकि गुप्ता जी ने तो सारे सुझाव दे दिए और प्रदूषण खत्म हो गया, लेकिन अगर eastern peripheral, western peripheral की बात करें, तो यह बात हमें राजनीति से अलग हटकर माननी पड़ेगी कि easten peripheral, western pheripheral बनने के बाद दिल्ली में प्रदूषण का स्तर घटा है और इसके लिए मैं श्री नितिन जयराम गडकरी जी और माननीय प्रधान मंत्री

जी को बधाई देना चाहूँगा। अंत में मैं बहुत ज्यादा सुझाव नहीं देना चाहता। माननीय मंत्री जी ने थर्मल पावर प्लांट के बारे में कहा। माननीय मंत्री जी मैं आपकी जानकारी में लाना चाहूँगा कि इसी एनसीआर में एक नया थर्मल पावर प्लांट आने जा रहा है। मेरा आपसे अनुरोध है कि उसे बंद करने की नौबत आए, उससे पहले आप उसे गैस बेस्ड करा दीजिए, क्योंकि खुर्जा में जो प्लांट आ रहा है, वह थर्मल बेस्ड है और इससे आगे चलकर एनसीआर में प्रदूषण बढ़ेगा, कम नहीं होगा। एक चीज़ और आप कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर कर सकते हैं कि crop की planning डिस्ट्रिक्ट लेवल पर हो। यह आप हमारे एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब के साथ मिलकर कर सकते हैं। मैं एग्रीकल्चर कमेटी का मेम्बर रहा हूँ, वहाँ हमारे सभी साइंटिस्ट ने एक ही बात कही कि धान की खेती के लिए अब यह क्षेत्र नहीं बचा है। आपको तिलहन की खेती पर वापस जाना पड़ेगा और तिलहन किसान तब बोएगा, जब आप उसे incentive देंगे। आप तिलहन की खेती को बढ़ावा दें। ...**(व्यवधान)**... सर, अगर धान की खेती इस देश में होनी है, तो केवल नॉर्थ-ईस्ट में हो सकती है, हमारे यहाँ पानी की कमी है, इसलिए मेरा सुझाव है कि एग्रीकल्चर मिनिस्टर बात करके इस क्षेत्र में तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए incentive दें। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

THE VICE CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): The next speaker is Shri Vaiko. You have only two minutes.

SHRI VAIKO (Tamil Nadu): Sir, we all are accustomed to pollution; air pollution, water pollution and very particularly the noise pollution. Very often we are accustomed to noise pollution particularly inside the House. Today also we witnessed it in the House. As per the Global Burden of Disease Study, 2017 which was mentioned by Shrimati Vandana Chavan, due to pollution, one infant dies every three minutes. Within these two hours of discussion, how many infants and how many children would have died. It is very shocking. According to NT's report, the pollution is coming from Afghanistan and entering into India *via* Pakistan. That report of IIT should be placed on the Table of the House. Delhi is going to face the elections very soon, and, therefore, everybody is very much concerned about it. They are not concerned about the pollution in Delhi but the elections. Therefore, they are simply blaming the farmers. In this country, who, with his sweat of his brow, manufactures, cultivates, produces food and feeds the people, is the worst victim. Now, all the newspapers mention that the stubble burning has caused this pollution. In our State, as my friend stated, we used to cut the very root of the stubble and then we used the thatched houses to otoro it. Then, it was used as fodder for the cows and buffaloes. The excreta of the cattle when mingled with mud becomes the best manure. Dr. M. S. Swaminathan has given a very strong report on this.

[Shri Vaiko]

Mr. Vice Chairman, Sir, nobody knows about the menace of a particular plant in Tamil Nadu which is going to attack you. It is called *juliflora.* In fifties, thinking that it was a good plant the seeds were brought here and sown. *Juliflora* absorbs water underneath, absorbs oxygen and emits carbon dioxide. This *juliflora* is creating disaster. It is a dangerous plant in Tamil Nadu. In Tamil, it is called veil kathan seemai karuvelan. If you come from other States, you will say, oh, how Tamil Nadu is so fertile, wherever you see, it is green, green, green. All this greenery is of this *juliflora*.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*)

I started a movement to cut the *juliflora* without carrying any party flag. I organized people and moved the High Court. My petition is still pending in the High Court. Birds do not go near the juliflora plant; cattle do not go near it. This *juliflora* absorbs water from 100 feet below the ground. With whatever Sun heat is there, the *juliflora* will remain green. This is spreading now towards Andhra Pradesh. From Kerala, they have eradicated it. This *juliflora* is a very dangerous plant, which is now spreading in the northern States.

As far as air pollution is concerned, our delta area of Tamil Nadu has been targeted by this Government. To destroy the delta area of Cauvery, they are trying to do it through many schemes. With extraction of methane gas and shale gas and carbon, the entire Cauvery delta area will become barren. At the same time, Karnataka will not release water and we will become a desert.

As far as pollution is concerned, the whole country is affected. Don't put the blame on the farmers. They are feeding you. Don't put the blame on farmers as if they are doing it through stubble burning. There are so many factors for this pollution. Everybody is responsible. We have to protect the posterity and the children. Therefore, you have to tackle the menace of pollution with all sincerity while not keeping in mind the political elections in Delhi.

**श्रीमती जया बच्चन**: सर, सबसे पहले मंत्री जी को बहुत बधाई। आपका कल का शो बहुत भव्य रहा। उम्मीद है कि आपका पर्यावरण का शो भी बहुत भव्य रहेगा।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: आपके सहयोग से अच्छा रहा।

**श्रीमती जया बच्चन**: सर, मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहती हूँ। हाउस में इतने लोगों के होने से पता चल रहा है कि इसको हम कितना सीरियसली ले रहे हैं। Participation for such

a serious cause is fantastic! Sir, through you, my appeal to everyone is not to politicize this issue. We are responsible to tomorrow's generation.

जो changes हैं, उनको हम कल तक भोग पाएँगे या नहीं, I do not know but the growth of the children is getting stunted because of this terrible pollution which is caused due to environmental causes. We all know it as many Members have mentioned a lot of things about ice-melting and water. Sir, people who live near the sea or near water, I do not know, how long will be able to live there because the water-level is rising and we live right next to the sea. It is a major problem. People who live in Delhi, शायद बच जाएँगे, हम लोगों का क्या होगा, पता नहीं। With pollution, आप लोग बच जाएँगे।

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*)

Mr. Chairman, Sir, countries like Ireland and England have declared emergency, environmental emergency. My request to you is, please do that. आप लोग तो बहुत सी चीज़ें... इमरजेंसी चल रही है। लेकिन इसमें बहुत सीरियसली काम करने की जरूरत है। आप declare कीजिए and please penalize people. Don't put the blame only on farmers. ये सब ग़लत चीज़ें हैं। सोशल मीडिया और अख़बारों के जरिए propagate किया जा रहा है। Delhi is not the only polluted city in this country. There are other cities which are equally polluted or maybe a little less. For example, Kanpur and Varanasi. It is a shame. Please declare environmental emergency and hold people responsible for it and punish them. This is the only language, unfortunately, that we understand. Thank you very much.

MR. CHAIRMAN: Every issue has to be dealt with on an emergency basis continuously. This is one suggestion. Shri Mohd. Ali Khan.

**श्री मोहम्मद अली खान** (आंध्र प्रदेश) : चेयरमैन साहब, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। काफी अराकीन ने आज हिन्दुस्तान के अंदर क्या, बल्कि सारी दुनिया के अंदर पॉल्युशन की जो हालत है, उससे आज इस पार्लियामेंट ने, राज्य सभा ने अपने आप को वाबस्ता करके जिन अराकीन ने अपने ख्यालात को इज़हार किया और ज्खुसूसन वज़ीर-ए-मौसूफ ने हालात को मद्देनजर रखकर, चाहे वह दिल्ली की हद तक को, चाहे वह हिन्दुस्तान की हद तक हो, अपना जो पेपर प्रेजेंटेशन किया, हकीकत को तस्लीम किया और उन्होंने जुस्तजू को आगे बढ़ाने की बात कही। इसलिए मैं उनको मुबारकबाद दूंगा। मैं अपने आप को Leader of Oppotition के साथ, उन्होंने जिन ख्यालात का इज़हार किया था, उससे वाबस्ता करते हुए मैं मिनिस्टर साहब से यह अपील करूंगा कि हमारी साथी बहन जी ने जो बात बताई, इसकी असल जो जड़ है, वह जड़ ब्लॉक लेवल से

[श्री मोहम्मद अली खान]

शुरू होकर रियासत में आती है, रियासत से शुरू होकर मरकज़ी कैपिटल में आती है और मरकज़ी कैपिटल से शुरू होकर पूरी दुनिया के अंदर ये वबा फैलती है। हमको यह गौर करना है कि ये सारी वबा की जो बीमारी है, पॉल्युशन की जो बीमारी है, वह सिर्फ हिन्दुस्तान में है, मैं नहीं समझता, मैं इससे इत्तेफाक नहीं करता। आज सारी दुनिया इस वबा से मुतास्सिर है। मुझे अच्छे से याद है कि 15-20 दिन पहले मैंने देखा कि हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने शायद एक-दो मुल्कों से इस मामले में बातचीत की है। मैं ज्यादा समय न लेते हुए यह कहना चाहता हूं कि हमारे Leader of Opposition ने जो suggestion दिया है, मुख्य मंत्री की conference बुलाने की बात कही है और उसके साथ-साथ उनको बुलाने से पहले municipality का और दीग़र जो आपके institutes हैं, उन पर आप पाबंदी करके, उनका एक प्लान तैयार करें। वे आपके मरकज़ के पास लेकर आएं और उनको जिस किस्म की भी ज़रूरत हो, मदद करें।

दूसरा suggestion यह है कि मैं किसान नहीं हूं, लेकिन मुझे यह तकलीफ होती है कि हर पोलिटिकल पार्टी या हर वह मरकज़ी या रियासती सरकार किसानों के ऊपर ब्लेम करती है। मैं एक छोटा सा आदमी हूं, लेकिन इसी हाउस के अंदर मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा | कई साथियों ने इसका इज़हार किया है कि देश में जानवरों के खाने के लिए चारे की बहुत कमी है। इसके लिए आपको रियासतों के मुख्यमंत्रियों से बात करके एक प्लान तैयार करना चाहिए। जहां-जहां पर भी इस काश्त को जलाकर धुंआ पैदा करने की कोशिश की जा रही है, उनको मरकज़ी सरकार की जानिब से सब्सिडी देकर रेलवे के द्वारा उन-उन स्टेट्स में, जहां पर मांग है, वहां पर भेजकर किसानों की मदद करें और जो पॉल्युशन पैदा होता है, उस पर भी रोकथाम होती है। इन अल्फ़ाज के साथ, मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करते हुए आपसे इजाज़त लेता हूं, जय हिन्द।

†**جناب محمد علی خالن (آندھراپردیشن):** چئیرمین صاحب، آپ کا بہت بہت شکریہ، کافی اراکین نے آج ہندستان کے اندر کیا، بلکہ ساری دنیا کے اندر پالیوشن کی جو حالت ہے، اس سے آج اس پارلیمنٹ نے، راجیہ سبھا نے اپنے آپ کو وابسطہ کرکے جن اراکین نے اپنے خیالات کا اظہار کیا اور خصوصاً وزیر موصوف نے حالات کو مدّنظر رکھ کر، چاہے وہ دہلی کی حد تک ہو، چاہے وہ ہندستان کی حد تک ہو، اپنا جو پیپر پریزنٹیشن کیا، حقیقت کو تسلیم کیا اور انہوں نے جستجو کو آگے بڑھانے کی بات کہی۔ اس لیے میں ان کو مبارکباد دونگا۔ میں اپنے آپ کو لیڈر آف اپازیشن کے ساتھ انہوں نے جن خیالات کا اظہار کیا تھا، اس سے وابستہ کرتے ہوئے میں منسٹر صاحب سے یہ اپیل کرونگا کہ

†Transliteration in Urdu script.

ہماری ساتھی بہن جی نے جو بات بتائی. اس کی اصل جو جڑ ہے، وہ جڑ بلاک لیول سے شروع ہوکر ریاست میں آتی ہے، ریاست سے شروع ہوکر مرکزی کیپٹل میں آتی ہے اور مرکزی کیپٹل سے شروع ہوکر پوری دنیا کے اندر یہ وبا پھیلتی ہے. ہم کو یہ غور کرنا ہے کہ یہ ساری وبا کی جو بیماری ہے، پالیوشن کی جو بیماری ہے، وہ صرف ہندستان میں ہے، میں نہیں سمجھتا، میں اس سے اتفاق نہیں کرتا. آج ساری دنیا اس وبا سے متاثر ہے. مجھے اچھے سے یاد ہے کہ پندر بیس دن پہلے میں نے دیکھا کہ ہمارے دیش کے پردھان منتری جی نے شاید ایک دو ملکوں سے اس بارے میں بات چیت کی ہے. میں زیادہ وقت نہ لیتے ہوئے کہنا چاہتا ہوں کہ ہمارے لیڈر آف اپوزیشن نے جو سجیشنس دیا ہے مکھیہ منتری کی کانفرنس بلانے کی بات کہی ہے اور اس کے ساتھ ساتھ ان کو بلانے سے پہلے میونسپلٹی کا اور دیگر جو آپ کے انسٹی ٹیوٹس ہیں، ان پر آپ پابندی کرکے، ان کا ایک پلان تیار کریں. وہ آپ کے مرکز کے پاس لیکر آئیں اور ان کو جس قسم کی بھی ضرورت ہو، مدد کریں.

دوسرا سجیشن یہ ہے کہ میں کسان نہیں ہوں، لیکن مجھے یہ تکلیف ہوتی ہے کہ ہر پالیٹیکل پارٹی یا ہر وہ مرکزی یا ریاستی سرکار کسانوں کے اوپر بلیم کرتی ہے. میں ایک چھوٹا سا آدمی ہوں، لیکن اسی ہاؤس کے اندر میں آپ سے درخواست کرونگا. کئی ساتھیوں نے اس کا اظہار یا ہے کہ جانوروں کے کھانے کے لیے چارے کی بہت کمی ہے. اس کے لیے آپ کو ریاستوں کے مکھیہ منتریوں سے بات کرکے ایک پلان تیار کرنا چاہئے. جہاں جہاں پر بھی اس کاشت کو جلاکر دھواں پیدا کرنے کی کوشش کی جارہی ہے، ان کو مرکزی سرکار کی جانب سے سبسڈی دیکر ریلوے کے ذریعہ ان تمام اسٹیٹس میں، جہاں پر مانگ ہے، وہاں پر بھیج کر کسانوں کی مدد کریں اور جو پالیوشن پیدا ہوتا ہے، اس پر بھی روک تھام ہوتی ہے. اس الفاظ کے ساتھ میں آپ کا بہت بہت شکریہ ادا کرتے ہوئے آپ سے اجازت لیتا ہوں. جے ہند.

**श्री सभापति**: हमारे पास केवल 10 मिनट का टाइम है। The issue is important. You all know that the Calling Attention is for one hour and that too confines to Members who have given notice. Considering the importance of this issue, I had sent a word to the Deputy Chairman to consider it an exception. And we are going to spend almost two-and-a-half hours by 4.30 p.m. So, please cooperate. Others should give their suggestions. Now, Shri R.K. Sinha; not here. Now, Dr. Satyanarayan Jatiya. Please give suggestions. That's all.

**डा. सत्यनारायण जटिया** (मध्य प्रदेश): माननीय सभापति जी, जिस गंभीर समस्या पर यह सदन चर्चा कर रहा है, वह किसी और ने पैदा नहीं की है। इसके कारण और निवारण दोनों हमें ही करने हैं। हमने स्वच्छता अभियान चलाया, तो एक संस्कार की बात थी, जो हमारे यहां पर पहले से ही थी। पवित्रता की बात थी। हम अपने घर में पवित्रता रखते हैं। घर में जो पूजा का स्थान होता है, उसको और पवित्र रखने की कोशिश करते हैं। पूजा स्थान की जो पवित्रता है, वह घर की पवित्रता है, तो आंगन की पवित्रता हो और आंगन की पवित्रता ही, जिस बस्ती में हम रहते हैं, तो उस बस्ती की पवित्रता हो और जिस मुल्क में हम रहते हैं, उस मुल्क को भी उतना ही पाक और साफ बनाने की ज़िम्मेदारी हमारी आती है। यह विषय है, जिस तरह से इस बारे में- जैसे धुआं होता है, तो धुआं क्यों होता है? धुंए के उन्मूलन के लिए उपाय किए गए हैं। माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने और नरेन्द्र मोदी जी ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर-घर में गैस के चूल्हे को उपलब्ध कराया और हमारी हज़ारों गृहिणियों, बहनों और माताओं के लिए एक राहत का काम किया। यह कदम उस दिशा में बढ़ रहा है। अब इस शहर का, उस शहर का पॉल्यूशन कौन कम करेगा? इन सारी परिस्थितियों में बदलाव किया गया है। अभी हमसे सुझाव मांगे थे कि पार्लियामेंट और बाकी की दृष्टि से क्या बदलाव करना है, तो यह बदलाव किसको करना है? सर, जरूरतों के मुताबिक उन सारी बातों को करने के लिए हमें तैयार होना चाहिए और इसलिए जहां-जहां यह धुआं होता है, पॉल्यूशन होता है, उसके कारणों को दूर करने के उपाय हमें करने होंगे। वनीकरण का पौधा लगाने का काम हमें करना होगा। हमारे यहां तो यह बहुत अच्छे से कहा गया है और मत्स्य पुराण में कहा गया है कि - "दस कूप एक वापी - दस कुएं के बराबर एक बावड़ी होती है। "दस वापी एक कृदय- दस बावड़ी के बराबर एक तालाब होता है। च्दस कृदय एक पुत्र - दस तालाबों के बराबर एक पुत्र होता है। च्दस पुत्र एक दुम-दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। अब वृक्षों को बेवजह काटने से रोकना पड़ेगा। सर, जितनी भी वृक्षावली हम करेंगे, जितने वृक्ष हम बढ़ांएगे, हरियाली बढांएगे, तो उतनी खुशहाली आने वाली है। यह बात सब जानते हैं। मैं पिछले 40 वर्षों से दिल्ली में आ रहा हूं, जा रहा हूं और यहीं रह रहा हूं। मैं देख रहा हूं कि धीरे-धीरे जो पॉल्यूशन बढ़ता चला जा रहा है, तो उनके कारणों के निवारण करने के लिए केन्द्र सरकार के नेतृत्व में यदि हम उपाय करते हैं और जो राज्य हमारे साथ लगे हुए हैं, वहां यदि कोई पराली की, घास की या फूल जलाने की समस्या है, तो किसानों को राहत देकर उसे दूर किया जा सकता है। मनुष्य की जिदंगी से ज्यादा कोई नहीं है।

"सर्वोपरि मनुष्य सत्य तहारोपर नाहि"

मनुष्य को जिंदा रखने के लिए जो-जो काम करना है, उनको हमें करना होगा और प्रदूषण मुक्त भारत बनाने के लिए हमें निश्चित रूप से उपाय करने होंगे। उसमें हम सफल हों। यह मेरी इच्छा है, इसको पूरा करें और इसके लिए जो उपाय हम कर रहे हैं, उनको हम करें।

**श्री सभापति**: डा. अशोक बाजपेयी जी, आपके पास दो मिनट का समय है।

**डा. अशोक बाजपेयी** (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, आज ऐसे गंभीर विषय पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। आज पूरी मानवता इसको लेकर चिंतित है। जिस तरह से पर्यावरण को लेकर सारे देश में स्वास्थ्य की चिंता बढ़ती जा रही है। खास तौर से दिल्ली और एनसीआर की बात है, तो यहां केवल इस बात को कह देना कि पराली जलाने से यहां का पर्यावरण खराब हो रहा है, यह पर्याप्त नहीं है। उसका थोड़ा बहुत प्रभाव है। आज अगर अकेले दिल्ली में देखें, तो 80 लाख से ज्यादा दोपहिया वाहन हैं। 36 लाख चार पहिया वाहन दिल्ली में हैं, सवा लाख से अधिक ऑटो दिल्ली में हैं और साढ़े चार हज़ार ट्रक प्रतिदिन दिल्ली में चलते हैं, नौ हज़ार ट्रक प्रतिदिन बाहरी रिंग रोड से गुजरते हैं। यहां पर असंख्य संख्या में ए.सी. और रेफ्रिजरेटर्स हैं, जिनसे क्लोरोफ्लोरोकॉर्बन का उत्सर्जन होता है और तमाम सारी लैंड फीलिंग और ऐसी जगह हैं, उद्योग हैं, जिनके कारण पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। मान्यवर, इस समस्या के समाधान के लिए सभी को चिंता करनी होगी। जिस तरह से सरकार ने इस पर चिंता व्यक्त की है और लगातार प्रभावी कार्रवाई करने का काम किया है, आप देखेंगे कि नौ करोड़ से ज्यादा गैस चूल्हे देकर, हमारी बहनें, जो गीली लकड़ी पर खाना बनाती थीं, उनको धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके जीवन में एक सुख पैदा करने का काम किया है। जिस तरह से मोदी जी ने देश में स्वच्छता मिशन को चलाया, उसी तरह से जब तक जन-जन इससे नहीं जुड़ता और इसे जन-आंदोलन का रूप नहीं दिया जाता, तब तक पर्यावरण को सुरक्षित रखना सरकार के बूते की बात नहीं है। इसके लिए मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। आज जिस तरह से आपने देखा कि सदन के सभी दलों ने इस पर चिंता व्यक्त की है, लेकिन यह भाव सदन के बाहर जाना चाहिए। सदन के बाहर मिल- बैठकर, इस पर केवल आलोचना करने से नहीं, इसके समाधान के लिए सबको लगना होगा और इसके लिए इसे जन-आंदोलन के रूप चलाना होगा। इसके साथ ही green coverage को बढ़ाना होगा। सरकार करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाती है, लेकिन उन पेड़ों के संरक्षण का दायित्व केवल सरकार नहीं ले सकती है। पेड़ों के संरक्षण की जिम्मेदारी समाज को लेनी होगी। ऐसा वातावरण बने कि green coverage को बढ़ाने में देश की अभिरुचि हो। जब तक इसके लिए सामूहिक प्रयास नहीं होंगे, तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। मान्यवर, यह समस्या महामारी का रूप लेती जा रही है। इसके लिए पूरे देश को जागृत होना होगा। मैं समझता हूं कि आपने इस पर जो चर्चा कराई है, इसका एक बड़ा संदेश देश में जाएगा और देश इस पर विचार करेगा। इसके लिए भविष्य में हमें निश्चित रूप से शुभकामनाएं मिल सकती हैं और हमें विश्वास है कि हम लोग इससे भी पार पाने का काम करेंगे।

**श्री सभापति**: अशोक जी, आपने अच्छी बातें कही हैं। उस जमाने में Emperor Ashoka ने सड़क के दोनों तरफ पेड़ लगाने के कार्य किया था, उसने जन-आंदोलन का रूप लिया था। ...**(व्यवधान)**... Emperor Ashoka did it seeing the future.

**श्री आर.के. सिन्हा** (बिहार): माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस चर्चा में शामिल होने का मौका दिया है। यह विषय न तो राजनीति का है और न ही विवाद का है। कुछ पूर्व वक्ताओं ने राजनीतिक बातें भी की हैं, हल्का विवाद भी हो गया, लेकिन उसकी जरूरत नहीं थी। यह मानव जाति से जुड़ा हुआ मामला है और जब पूरे देश का जीवन सुरक्षित नहीं रहेगा, तो हम यहां सदन में बैठकर क्या करेंगे? हम रोटी, कपड़ा और मकान की बात करते हैं, लेकिन अगर देखें तो रोटी, कपड़ा और मकान के बिना हम रह सकते हैं, लेकिन साफ हवा और साफ पानी के बिना नहीं रह सकते हैं। आज जो स्थिति हो रही है, आज हमारा जो air pollution index है, अगर वह टोरेंटो में दो है और 350 और कभी 400 पहुंच जाए, यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमें गंभीर चितंन करके और सभी मिलकर सर्वानुमति से, सबकी सहमति से, ऐसे कारगर उपाय करने होंगे, ताकि ऐसी नौबत दुबारा न आए। यह समस्या पूरे उत्तर भारत में है, यह सिर्फ दिल्ली की समस्या नहीं है। मैं बिहार से आता हूं और उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल का बहुत सघन दौरा करता हूं। मैं देखता हूं कि हर जगह यह प्रॉब्लम आती है और खासकर सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर और दिसम्बर इन चार महीनों में, चूंकि इसमें हमारा meteorological effect होता है, हमारे वातावरण में pollutant आता है और वह हवा में ऊपर नहीं जा पाता है। ऐसे में जब हवा चलनी बंद हो जाती है, तो समस्या ज्यादा बड़ी हो जाती है। इस बार जो समस्या हुई है, उसके कारण मैंने कई बच्चों को, कई परिवारों को देखा है कि वे दिल्ली छोड़कर बाहर चले गए हैं। लेकिन ऐसा कितने लोग कर सकते हैं? ऐसा ज्यादा लोग नहीं कर सकते हैं, इसलिए हम इसकी चिंता करें। माननीय मंत्री जी ने बहुत अच्छा वक्तव्य दिया है, लेकिन उस वक्तव्य में यह बहुत चिंताजनक स्थिति है कि हम जो पैसे release कर रहे हैं, उसे हम खर्च नहीं कर पा रहे हैं और हम यह कह रहे हैं कि हम इतनी machine या इतनी spray gun या हम इतने उपकरण दे रहे हैं, लेकिन हमें आवश्यकता कितनी है, यह तो बताया नहीं जा रहा है? दिल्ली जैसे शहर में जो संख्या बताई जा रही है, वह तो शायद एक मोहल्ले के लिए काफी नहीं है। ऐसी परिस्थिति में, मैं यह कहना चाहता हूं और जैसा कि अशोक बाजपेयी जी अभी बता रहे थे कि वृक्षारोपण और सघन वृक्षारोपण के लिए एक बहुत बड़ा अभियान जन-आंदोलन के रूप में चलाना चाहिए। महोदय, हमें जल का संरक्षण करना चाहिए और ऐसी फसलें, जो ज्यादा जल लेती हैं, उनसे हमें थोड़ा परहेज़ करना पड़ेगा। इसलिए हमें एग्रीकल्वर पैटर्न को और फसलों के पैटर्न को बदलना पड़ेगा। हमें अपने देश में कम जल के प्रयोग से उगाई जाने वाली फसलों को ही उगाना पड़ेगा।

महोदय, हम जहां कंस्ट्रक्शन, डस्ट और रेत की बात करते हैं, तो हम अपने pavements की hard landscaping क्यों नहीं कराते हैं, हम पानी का spray क्यों कराते हैं? अगर हम सभी जगह hard landscaping करा लें, तो सभी जगह हरियाली भी रहेगी और जो हमारी धूल है,

वह भी नहीं उड़ेगी, लेकिन हम यह काम नहीं कर रहे हैं। व्हीकल्स को हम इलेक्ट्रिफाइड करें, सोलर व्हीकल बनाएं उन्हें CNG और PNG से चलाएं, ये सारी बातें ठीक हैं, लेकिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट को इम्प्रूव करें। इस समय पब्लिक ट्रांसपोर्ट इम्प्रूव नहीं हो रहा है। अत: मैं यह मांग करता हूं कि साफ हवा और स्वच्छ जल, इन्हें जीवन के मौलिक अधिकारों और नागरिकों के मौलिक अधिकारों में जोड़े जाने की जरूरत है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Before the Minister's reply, Shri Digvijaya Singh wants 90 seconds for a question.

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, there are two questions before the hon. Minister on this important issue. One, hon. Prime Minister had set-up a High Level Task Force under the Chairmanship of Principal Secretary to the Prime Minister in 2017 on a specific issue of air pollution in Delhi and NCR. Would he please let us know as to what recommendations have been given? The other thing is, Shri Bhure Lai has been the Chairperson of Environment Pollution (Prevention and Control) Authority for quite some time. We would like to know as to what recommendations have they given to the Governance.

**श्री सभापति**: मंत्री जी, आपने बहुत विस्तार से नोट दिया है, उसे मैंने देखा है। अभी, बाद में जो सुझाव आए हैं, उनके बारे में यदि आपको कुछ कहना है, तो कहिए।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: माननीय सभापति महोदय, मैं पूरे सदन का हृदय से धन्यवाद करता हूं कि एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न, जो दुनिया भर में है और हमारे यहां विशेष रूप से है, उस पर अच्छी चर्चा हुई। हमें हमारे देश में सब को प्रदूषण को झेलना पड़ रहा है। ऐसे प्रदूषण के विषय पर अच्छे सुझावों के साथ माननीय सदस्यों ने चर्चा की।

महोदय, मैं हमेशा मानता रहा हूं कि देश के अनेक विषय ऐसे होते हैं, जिन पर हमें पार्टी की राजनीति से ऊपर उठकर चर्चा करनी चाहिए और एक Common Minimum Agenda for all parties बनाने की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना हम देश को तेजी से आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। अगर हमें देश को तेजी से आगे बढ़ाना है, तो ऐसा करना आवश्यक है, क्योंकि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें होती हैं, लेकिन सभी एक दिशा में चलेंगी। There has to be a basic minimum programme for all Governments.

महोदय, आज बहुत अच्छे सुझाव आए। अनेक उपाय भी माननीय सदस्यों ने बताए। श्रीमती वंदना चव्हाण जी ने कहा कि Pune was the first city for carbon inventory. इसी में दो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं कि हर शहर की अपनी स्थिति है। देशभर का विचार करेंगे या दुनियाभर का विचार करेंगे, तो हम पाएंगे कि चार कारणों से मूलत: प्रदूषण होता है। वे चार कारण हैं- उद्योगों द्वारा, वाहनों के द्वारा, बायोमास बर्निंग के द्वारा और डस्ट पॉल्यूशन के द्वारा। अपने

[श्री प्रकाश जावडेकर]

देश में प्रदूषण के लिए ये चार घटक जिम्मेदार हैं। बाकी और भी छोटे-मोटे घटक होते हैं, जिनके कारण प्रदूषण होता है, लेकिन हर शहर में प्रदूषण की तबियत अलग होती है। इसलिए हर देश में, हर शहर का वैसा काम होना चाहिए, सब घोड़े 12 टके के हों, ऐसा नहीं चलता है। सबका एक समान उपाय करने से हल नहीं होता। ऐसे 122 शहर हैं जो pollution के level पर थोड़े ऊपर हैं, उसके norms से थोड़े ज्यादा हैं। हमने ऐसे 22 शहरों का चयन किया और National Clean Air Programme नामक कार्यक्रम तैयार किया। उस कार्यक्रम के तहत हर शहर का, उनका pollution कैसा है, what are the sources of pollution in that particular city and to what extent, यह देखकर उस शहर के लिए आवश्यक कार्यक्रम बनाना ही उसका प्राण है। क्योंकि तभी तो उपाय संभव होगा, जब उसकी रूपरेखा बनेगी। जिसको बुखार आया है, उसको बुखार की दवा देनी पड़ेगी, जिसको दूसरी कोई बीमारी हुई है, उसको वह दवा देनी पड़ेगी, इसलिए हर शहर के प्रदूषण की स्थिति अलग है। मैं आपको अभी एक interesting बात बताता हूं। ये कल के आंकड़े हैं। यहाँ अनेक लोगों ने आंकड़े बताए हैं। उन्होंने बताया है कि बागपत में 323, भिवंडी में 338, गाजियाबाद में 366, ग्रेटर नोएडा में 340, पटना में 347, मेरठ में 313, दिल्ली में 301 का पॉल्युशन का आंकड़ा है। ये ऐसे शहर हैं, जहाँ पॉल्युशन 300 से ऊपर है। कल ही के दिन का Chennai 35, Tirupati 36, Chikkaballapur 48, एल्लोर 46, तिरुवनंतपुरम् 49, बेंगलुरु में पॉल्युशन का 60 का आंकड़ा है। बेंगलुरु में दिल्ली से कम ट्रैफिक नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, please carry on. ...*(Interruptions)*... Mr. Minister, I would like to give a general suggestion. Nobody should try to answer the questions of Members who are sitting, and raising these, without my permission.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: In Bengaluru, it is 60; कोयंबटूर 69, गाँधी नगर 63, हल्दिया 98, हुबली 91, जयपुर 100, मैसूर 71 के पॉल्युशन के आंकड़े हैं। इस तरह से अपना ही देश है, लेकिन दो समस्याएँ अलग-अलग हैं। वर्मा जी ने बहुत सही कहा कि Indo-Gangetic belt में सबसे ज्यादा प्रदूषण दिखाई दे रहा है, जया जी ने भी कहा है। कानपुर हो, वाराणसी हो, पटना हो, बाकी सब शहर, जो गंगा के पास हैं, वहाँ ऐसा क्या विशेष कारण होगा? मेरे भी मन में इस प्रश्न को लेकर यह बात हमेशा में रही कि ऐसा कैसे है? देश में दो चित्र रोज दिखते हैं, इसके क्या फैक्टर्स होंगे? जब मैं तीन-चार साइंटिस्ट्स के साथ बैठा, तब उन्होंने मुझे समझाया कि इसे 'Trough' कहते हैं। Indo-Gangetic belt में दो स्थितियाँ हैं। एक तो यह है कि हिमालय से भी moisture आता है, पानी से भी moisture आता है और यहाँ धूल भी है। क्योंकि यह बहुत soft soil है, इसलिए soil के कारण धूल भी उड़ती है, और धूल और पानी के मिश्रण से हवा में एक ऐसी स्थिति बनती है। मैं कोई scientist नहीं हूं, लेकिन एक विषय निकला है, तो मुझे बहुत अच्छा लगा है। इसको जो scientist हैं, वे समझ पाएंगे। Role of meteorology in air quality of Delhi. This is a new topic, इसलिए मैंने सोचा कि यह आपके सामने रखूं। Meteorology plays a dominant role in air quality. Ventilation Index, defined

as the product of wind speed and mixing height is a significant factor affecting the air quality. Winters are dominated by cold, dry air, ground-base inversion, with low wind conditions, which makes the air stagnant and creates an unfavaourable condition for dispersal. Calm Wind conditions, less than 10 kilometers; drop in temperatures along with lower mixing heights,300 meters, and Ventilation Coefficient, less than 6,000 m2s, adversely affect vertical mixing as well as horizontal transport of air mass. हमने देखा कि जब 20 किलोमीटर से भी ज्यादा की गति से हवा चलती है, तो सारा प्रदूषण उड़ जाता है। हमारे सामने ही रोज अलग-अलग scenario दिखता है। इसलिए हमें यह भी समझना चाहिए कि जैसे प्रदूषण उद्योगों के कारण होता है, वाहनों के कारण होता है, ये human actions हैं, हमारे construction, demolition, waste, इन सबसे ह गैता है, वैसे ही हर शहर के अलग-अलग geo-physical reasons भी कारण होते हैं। हमें इस scientific वास्तविकता को कभी समझ ाना चाहिए। ये सब चीजें अब न्यूजपेपर्स में आने लगी हैं, लेकिन यह भी एक समझने की चीज है। यह एक-दूसरे पर दोषारोपण करने का मुद्दा नहीं है। This is hard-core science. इसलिए देश में एक ही दिन में यह आँकड़ा 40 भी है, 35 भी है और 350 भी है। इतना gap क्यों है, क्योंकि हर जगह की एक geo-specificity होती है। यह एक नया मुद्दा था, इसलिए मैंने इतना बताया।

मूल मुद्दा यह है कि city-specific प्लान करने में एक मुद्दे पर सबकी एक राय थी कि पेड़ लगाओ। प्रकृति की रचना में ऐसा है कि हम वायु में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करते हैं और ऑक्सीजन लेते हैं एवं पेड़ वायु से कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं और हमें ऑक्सीजन देते हैं। यह प्रकृति और हमारा नाता है। इसलिए पेड़ लगाने का काम सबसे पवित्र माना गया है, जिसका उल्लेख अभी वक्ताओं ने किया। सत्यनारायण जटिया जी अच्छे-अच्छे श्लोक बताते हैं, तो उन्होंने वह भी बताया कि दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष। अभी जया जी आईं, उन्होंने मुझे एक गाँव की कहानी बताई, जहाँ किसी एक व्यक्ति की बेटी का देहांत हो गया, तो उन्होंने प्रण किया कि किसी के घर में बेटी जन्मीं, तो वे उसके नाम पर सौ पेड़ लगाएँगे। लोग passionately ऐसा करते हैं। इन्हें लगाना चाहिए।

हम cities की बात करते हैं, क्योंकि city में ज्यादा प्रदूषण होता है। इसलिए cities में urban forest तैयार करने की जरूरत है। जब मैं पिछली बार पर्यावरण मंत्री था, तो मैंने एक दिन सब जानकारी माँगी कि शहरों में forest land कहाँ और कितनी है और उसका क्या status है। बहुत जगह forest land पर आक्रमण हुआ था, encroachment हुआ था। इससे मेरे मन में एक कार्यक्रम आया और पुणे में, वंदना जी को मालूम है, वारजे हमारा एक उपनगर है, उसमें मैंने पहला काम यह किया कि केन्द्र सरकार से पैसे देकर वहाँ compound लगाया। उससे एक कार्यक्रम का जन्म हुआ - Urbnan Forestry Programme. जब मैंने एक बार इसे शुरू किया, तो राज्य सरकार भी आगे आई, कारपोरेशन भी आगे आया, लोग भी आगे आए। अब वहाँ स्मृति वन भी है। 70 एकड़ में हजारों पेड़ लगे, बढ़े और आज वहाँ हजारों लोग रोज पैदल जाते

[श्री प्रकाश जावडेकर]

हैं। वह आने वाले 5 साल में एक बड़ा tourist attraction बनेगा और शहर का ऑक्सीजन का lungs होगा। हर शहर में ऐसा करने की जरूरत है। इसलिए हमने सभी 200 corporations/ cities में mapping करके सबको कहा है कि हम पैसे देंगे, लेकिन आप यह कार्यक्रम करिए। इसमें जनता की सहभागिता होती है। हमने इसमें यह योजना की कि हम आपको दो-दो हजार रुपए देंगे, आपके जो रिश्तेदार गुजर गए हैं, आप उनके नाम से एक पेड़ लगाइए, उसका पूरा खर्च हम उठाएँगे। मैंने ऐसा किया कि मेरे परिवार के जितने भी मेरे चाचा-चाची, माताजी-पिताजी, जो भी जा चुके हैं, उन सबके नाम से मैंने वहाँ पेड़ लगाए। वहाँ नाम की पट्टी भी लगती है। हमने वहाँ वह लगाई है। आज वृक्षों में ही हमारे पूर्वज दिखते हैं। वृक्ष का महत्व इतना है। एक व्यक्ति ने बड़ी अच्छी कल्पना दी है कि अगर हम अपनी जिन्दगी की सारी साँसें गिन लें, तो हमें सात पेड़ बड़े करने पड़ेंगे, क्योंकि सात बड़े पेड़ आपको जिन्दगी भर का ऑक्सीजन देते हैं। अगर आपको सात पेड़ ऑक्सीजन दे रहे हैं, तो हमें अपना ऑक्सीजन बैंक तैयार करना पड़ेगा। इसलिए हम सात पेड़ लगाएँ और बढ़ाएँ, हम यह कार्यक्रम करें। इसके लिए हमने एक कार्यक्रम शुरू किया, चूँकि यह संस्कार से होता है - School Nursery, हम स्कूलों में नर्सरी शुरू करें। अभी यह दो-तीन सौ स्कूलों में है, लेकिन इस साल यह अत्यधिक मात्रा में और बढ़ेगी। बच्चे स्कूल में नर्सरी बनाएंगे, अपने हाथ से बीज बोएंगे, बीज से पौधा कैसे आता है, यह देखेंगे और उसकी परवरिश भी करेंगे। साल भर में वह पौधा बड़ा हो जाएगा, तो उस पौधे को annual results के साथ, ट्रॉफी की तरह घर में ले जाएंगे कि यह मेरा पेड़ है, इसको मैंने लगाया है, इसको मैंने पाला-पोसा है। अगर उनके अपने घर में जगह है, तो वे उस पौधे को वहीं लगाएंगे, नहीं तो अपनी गली में किसी के भी घर जाकर कहेंगे कि आपके यहां पेड़ लगाने की जगह है और मैंने यह पेड़ तैयार किया है, आप मेरा पेड़ यहां लगाइए। इस काम के लिए कौन मना करेगा? इस तरह इसे एक जन-आन्दोलन बनाने की जरूरत है। इस काम के लिए मैं तेलंगाना में हरिता हरम में भी गया था। जैसा कहकशां जी ने बताया, 'जल-जीवन हरियाली' का भी एक अभियान है। अनेक राज्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना शुरू किया है। मैं इसका स्वागत करता हूं। हम सभी को पेड़ लगाने चाहिए। पेड़ लगाकर हमें उनको बड़ा भी करना है, तभी प्रकृति का बैलेंस संभव होगा।

इस संबंध में एक बहुत अच्छी खबर है। दुनिया में केवल दो ऐसे देश हैं, जिनका ग्रीन कवर पिछले पांच में बढ़ा है। भारत का ग्रीन कवर 13,000 स्क्वेयर किलोमीटर से बढ़ा है। यह हमारे लिए बहुत अच्छी बात है। ग्रीन कवर चीन में भी बढ़ा है और हमारे देश में बढ़ा है, चूंकि हम दोनों ही देश आज की तारीख़ में प्रदूषण के भुक्त-भोगी हैं। इसी से जुड़ा एक और मुद्दा है, वह है पब्लिक पार्टिसिपेशन। हम मानते हैं कि यह केन्द्र सरकार की जिम्मेवारी है, राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है, नगर निगमों की जिम्मेवारी है, हर लोकोपयोगी संस्था की जिम्मेवारी, लेकिन इनके साथ-साथ यह हम सब लोगों की जिम्मेवारी भी है। मैं सभी बच्चों को एक और चीज़ के लिए भी बधाई देना चाहता हूं। पिछले दस सालों से उन्होंने sustained campaign चलाया कि चूंकि fire cracker प्रदूषण को बढ़ाते हैं, इसलिए हमें पटाखे नहीं जलाने हैं। दस साल के

बाद, इस बार इसका परिणाम देखने को मिला है। हर साल दीपावली में मैं अपने घर के परिसर में उन सभी को अपने घर पर बुलाता हूं, जो सफाई कर्मचारी हैं, रोड साफ करते हैं, ड्रेनेज साफ करते हैं। हर दिवाली पर दो घंटे मैं इनके साथ बिताता हूं और उनके साथ मिलकर दिवाली मनाता हूं। मैं उनसे पूछ रहा था कि इस साल कितने fire cracker जले हैं? वे बोले पिछले सालों के मुकाबले अब 20% fire crackers भी नहीं जलाए जा रहे हैं। इस बात से यह साबित होता है कि जिस काम में लोगों का पार्टिसिपेशन शुरू हो जाए, तो क्या-क्या संभव हो सकता है। हमें हमेशा विश्वास करके चलना है कि अच्छा ही होगा। मेरा यह विश्वास है, because I am an optimist, that if human actions have damaged the earth, then, human actions, its intent and intellect will also give solutions to these problems. यह लोगों का जन-आन्दोलन है। इसी तरह नज़दीक के कामों के लिए हम साइकिल का यूज क्यों नहीं करें? पैदल क्यों नहीं जाएं? मैं आठ साल से electrical scooter का उपयोग कर रहा हूं। मुझे जब भी Constitution Club जाना होता है या कहीं और जाना होता है, तो मैं अपने उसी electrical scooter पर जाता हूं। हमें संकल्प लेना होगा कि हमें प्रदूषण को नहीं बढ़ाना है। अभी जब पहली electrical car आई, तो मैंने वह कार अपने मंत्रालय में भी मंगवाई। हमसे जो बने, वह काम हमें अवश्य करना चाहिए। हमें अपनी गाड़ी का PUC अच्छा रखना चाहिए, maintenance अच्छा रखना चाहिए, limited speed में चलाना चाहिए, अगर सिग्नल लम्बा है, तो गाड़ी बंद करके फिर स्टार्ट करना चाहिए, congestion के lanes टालने चाहिए, कहीं जाने-आने के लिए ज्यादा से ज्यादा public transport का उपयोग करना चाहिए। ये हम सभी लोगों के कर्तव्य हैं। जैसा अभी वाइको जी ने उल्लेख किया, बेवजह हॉर्न नहीं बजाना चाहिए, यह भी पॉल्यूशन के अंतर्गत आता है। यह सब करना हमारा कर्तव्य है और इसके लिए हमें एक जन-आन्दोलन तैयार करने की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि हम अपने बच्चों को जितनी अच्छी शिक्षा देंगे, शिक्षा मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति**: मंत्री जी, आप समय का भी ध्यान रखिए।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: इसलिए हमें इस काम को करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि अगर हम सभी लोग मिलकर इस काम में जुट जाएंगे, तो पब्लिक पार्टिसिपेशन से यह आंदोलन और भी तेज़ गति से आगे बढ़ सकेगा। यहां मैं दो मुद्दे और बताना चाहता हूं। अभी शैलजा जी ने कहा कि हरियाणा में कोई मॉनिटरिंग स्टेशन नहीं है, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वहां पर 24 मॉनिटरिंग स्टेशंस हैं। दूसरा, ट्रैफिक से जो पॉल्यूशन होता है, उसको कम करने के लिए दो कदम उठाए गए हैं। पहली बात तो यह है कि हमारे यहां पॉल्यूशन की प्रॉब्लम है, यह मानना ही बहुत महत्वपूर्ण है। जैसा एलफोंस जी ने कहा कि जब वे यहाँ कमिश्नर थे, तब उन्होंने सारी इंडस्ट्रीज, जो पॉल्यूटिंग थीं, उनको बाहर किया था। उनको बाहर क्यों किया था, क्योंकि तब से पॉल्यूशन की चर्चा शुरू है। 22-25 साल हो चुके हैं। इस पर एक्शन कब और कितना फास्ट हुआ, यह महत्वपूर्ण है। इसलिए 2015 में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एयर क्वालिटी इंडेक्स लॉच किया। यह इस प्रॉब्लम को स्वीकार करना था कि हाँ, यह प्रॉब्लम है और हम सब मिल

[श्री प्रकाश जावडेकर]

कर इसको सुलझाएँगे, इसकी यह शुरुआत है। आज 700 जगहों पर इसको मॉनिटर किया जाता है और रोज के सारे आंकड़े आते हैं, अपने सामने ही चित्र आता है कि अभी क्या स्थिति है।

इसमें ट्रैफिक के लिए एक क्रांतिकारी निर्णय लिया गया। 2014 तक हम BS-3, यानी Euro-3-cum-BS-3 Standard का fuel यूज करते थे। अभी पूरे देश में यह BS-4 का हो गया है। उससे भी प्रदूषण में कमी आयी। लेकिन उससे ज्यादा बड़ा निर्णय यह लिया कि हमें BS-5 पर नहीं जाना है, क्योंकि पहले सरकार ने 2024 में BS-6 पर जाने का फैसला किया था, लेकिन अब हमने 2020 में ही BS-6 पर जाने का फैसला किया, यानी इसे prepone किया। 1 अप्रैल, 2020 से BS-6 compliant vehicles भी मिलेंगे और BS-6 fuel दिल्ली में मिलने लगा है। यह देश भर में भी मिले, इसके लिए 70,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, कम खर्च नहीं हुए हैं। Eastern and Western Expressway पर 20 सालों से चर्चा हो रही थी। यह पिछले 5 साल में पूरा हुआ और इसमें 77,000 करोड़ रुपये खर्च किये। उससे 60,000 वाहन, जो दिल्ली में आकर हवा को प्रदूषित करते थे, वे आज आने बन्द हो गये। अगर कुछ बुरा हुआ, तो बोलने का अधिकार हमें है, वैसे ही यदि अच्छा हुआ, तो 'अच्छा हुआ' कहना भी हमारा कर्त्तव्य है, यह मैं मानता हूँ।

Dust pollution की भी बात है। मेट्रो का काम चल रहा था, तो मैंने एक दिन सोचा कि इसमें tunneling कैसे होती है, मुझे देखना है। मैं वहाँ गया। वे हजारों टन धूल निकालते हैं, लेकिन कहीं धूल का नामोनिशान नहीं होता। मैंने समझ लिया कि यह धूल का मैनेजमेंट कैसे करते हैं। दूसरे दिन मैंने अधिकारियों को वहाँ भेजा। मैंने अधिकारियों से कहा कि आप देखिए, उनके जो रूल्स हैं, वही सारे रूल्स लीजिए। वही हमारे Construction, Demolition Waste Management Rules हैं। वे हमने पहली दफा 20?6 में लागू किये। आज तक भारत में ये रूल्स नहीं थे। वे रूल्स लागू किये गये। आज मुझे खुशी है कि रोड़ी वगैरह जो दिल्ली में नालियों में कहीं भी भरी पड़ी रहती थी, उससे आज रोज 3,000 टन का सामान तैयार हो रहा है, 3 फैक्टरीज़ में तैयार हो रहा है। चाहे paver block हो, divider हो, tiles हो, ये सब उससे तैयार होते हैं, जो रोड बनाने के काम में आते हैं | तो construction, demolition waste से यह सामान तैयार हुआ। पर्दा लगाना, पानी का छिड़काव करना, ये सब देश भर में लागू किये हैं। यह केवल दिल्ली का ही मुद्दा नहीं है, इसे सब जगह लागू किया गया है। अब हर राज्य की जिम्मेवारी है कि वहाँ वह अच्छी तरह से लागू हो। हमने उसके लिए dust प्रबंधन का काम किया।

इंडस्ट्री में, बदरपुर प्लांट बन्द करना और आपने जो अभी कहा कि एक नया प्लांट आ रहा है, तो ये 10 प्लांट्स हैं। इन 10 प्लांट्स में नये नॉर्म्स लगे हैं। उन नये नॉर्म्स के कारण प्रदूषण एकदम कम होगा। चूँकि बिजली की जरूरत भी है और 24 घंटे बिजली भी चाहिए और बिजली का निर्माण नहीं करेंगे, तो ऐसे में दोनों बातें नहीं हो सकतीं। तो बिजली बनाने का वह काम किया गया और उसके साथ-साथ electrical vehicles को push दिया गया है। आज 2,80,000 electrical vehicles को subsidy दी गयी है और लोगों ने ली है। आज पूरी दिल्ली में आप

e-rickshaws देख रहे हैं। Absolutely देश भर में जगह-जगह लाखों की तादाद में आज e-rickshaws हो गयी हैं। यह एक नया परिवर्तन है, इसलिए इन प्रयासों की भी सराहना करनी चाहिए। इंडस्ट्री में pet coke ban किया, furnace oil ban किया, जो प्रदूषण करते थे। इन सबका परिणाम सामने आया है, लेकिन यह परिणाम काफी नहीं है, बहुत कुछ और करना बाकी है।

कल दूसरे सदन में चर्चा चल रही थी। वहाँ एक ने बड़ा अच्छा उदाहरण दिया। वहाँ यह बात चल रही थी कि बीजिंग ने 15 साल में अपना प्रदूषण कम करके दिखाया। तो उतना समय हमें भी लगेगा, हम 15 साल काम करेंगे और काम करके प्रदूषण समाप्त करेंगे, यह मैं आपको बताना चाहता हूँ। हम जल्दी करेंगे, 15 साल भी नहीं लगेंगे। यह होगा। अन्त में..

**श्री सभापति**: प्रकाश जी, 5 बजे किसी भी हालत में इसे समाप्त करना है।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: सर, 2 ही मिनट लगेंगे।

**श्री सभापति**: आप 3 मिनट लीजिए, खत्म कीजिए।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: सर, मैं तीन मिनट में समाप्त करता हूँ। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके लिए सदा प्रयास करते रहने की जरूरत है। एक दिन स्विच ऑन और दूसरे दिन स्विच ऑफ नहीं किया जा सकता है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि आज स्विच ऑफ किया, तो प्रदूषण खत्म हो गया। ऐसी जादू की छड़ी किसी के पास नहीं है। यह लगातार काम करने का विषय है।

सर, आज मैं पार्टीबाजी नहीं करना चाहता हूँ, लेकिन मुझे दुख हुआ कि वेस्टर्न एक्सप्रेस-ईस्टर्न एक्सप्रेस पेरीफेरल वे हुआ, तो सब एजेंसीज़ को उसमें पैसा देना था, लेकिन एक राज्य ने पैसे नहीं दिये, तो इसके लिए कोर्ट को आदेश देना पड़ा। मैट्रो के विकास में ऐसा ही हुआ, इसमें भी कोर्ट को आदेश देना पड़ा कि आपका भी प्रदूषण के खिलाफ कुछ काम है, इसलिए आप पैसा दे दीजिए। इसमें सबको मिलकर काम करना पड़ेगा और मुझे पूरा विश्वास है कि ऐसा ही होगा।

सर, जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पेरिस में 175 गीगावाट यानी 1,75,000 मेगावाट रेन्युवल एनर्जी की घोषणा की, तब दुनिया को अचम्भा हुआ कि यह कैसे हो सकता है? लेकिन आज भारत में 80 हजार मेगावाट नवीनीकरण ऊर्जा तैयार हो रही है। अभी न्यूयार्क में प्रधान मंत्री जी ने यूएन की सभा में यह घोषित किया कि अब हम 175 महीने रुकेंगे, 4,50,000 मेगावाट, इतनी ज्यादा नवीन ऊर्जा तैयार करेंगे, अपारम्परिक ऊर्जा तैयार करेंगे। यह हमारा लक्ष्य है, हमें इस ओर जाना है। आज 'उज्ज्वला योजना' के तहत आठ करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला, तो इससे प्रदूषण कम ही हुआ न? अगर 40 करोड़ घरों में एलईडी के बल्ब लगे हैं, तो इससे प्रदूषण कम ही होता है न? इसलिए यह नेशनल प्रोग्राम है और ऐसे नेशनल प्रोग्राम्स में आप सबका साथ चाहिए, यही मैं दरख्वास्त करता हूँ, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: We had an exhaustive discussion. I appeal to all the hon. Members also to become partners in this people's movement. Let everybody do his duty. That's number one.

Number two, the hon. Minister has given exhaustive reply. But whatever suggestions have been given, the Minister can go through those suggestions separately, review them with the officials, and also, if necessary, share them with the State Governments, and then take appropriate action because somebody has to take the lead to bring everyone together. My only appeal to all of you is, let us separate politics and pollution. Thank you very much.

Now, Motion for reference of Bill to the Select Committee, Dr. Harsh Vardhan. ...*(Interruptions)*... It is there. I have seen in the answer. That is why I am not insisting on that. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रकाश जावडेकर**: मैं लिखित में देता हूँ। मैंने दिया है। आपके नोट में है।

**श्री सभापति**: यह नोट में है। जहां कमेटी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का जिक्र है, उसमें वह भी है।

---

## GOVERNMENT BILLS

### The Surrogacy (Regulation) Bill, 2019

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE; THE MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY; AND THE MINISTER OF EARTH SCIENCES (DR. HARSH VARDHAN): Sir, I move:

> "That the Surrogacy (Regulation) Bill, 2019 (to constitute National Surrogacy Board, State Surrogacy Boards and appointment of appropriate authorities for regulation of the practice and process of surrogacy and for matters connected therewith or incidental thereto), as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha consisting of the following Members:-
>
> 1. Shri Bhupender Yadav
> 2. Dr. Vikas Mahatme
> 3. Ms. Saroj Pandey
> 4. Shri Ashwini Vaishnaw
> 5. Shri Jairam Ramesh